www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... | पत्र नहीं; मित्र | संपर्क : deshbandhusgr@gmail.com

# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–186 । सागर, गुरुवार, 24 अगस्त 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए

रजवांस में 1.40 करोड़ से बनेगें जिम, सीसी रोड एवं शिववाटिका: सरोज सिंह पृष्ठ 2

- एक आंसू भी हुकूमत के लिए ख़तरा है
- परिसीमन से असम के प्रमुख समुदाय और जातीय समूह हैं परेशान

पृष्ठ 4

- कुए में गिरी नीलगाय को सुरक्षित निकालकर जंगल में छोड़ा

पृष्ठ 6

विद्यार्थी पढ़ाई के साथ सर्वांगीण विकास के लिए खेल व अन्य गतिविधियों में भी आगे बढ़ें: भूपेन्द्र सिंह पृष्ठ 8

## सार-समाचार

### पूर्वोत्तर में लागू विशेष प्रावधानों में बदलाव का इरादा नहीं: केंद्र

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उच्चतम न्यायालय के समक्ष बुधवार को केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया कि पूर्वोत्तर राज्यों पर लागू विशेष प्रावधानों में किसी भी तरह का बदलाव का उसका कोई इरादा नहीं है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति सूर्यकांत की पांच सदस्यीय संविधान पीठ के समक्ष केंद्र सरकार का पक्ष रख रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने कहा कि जम्मू–कश्मीर के अस्थायी प्रावधान पर चर्चा में इसका कोई भी संदर्भ 'संभावित शरारत' हो सकता है।

### हिमाचल की तबाही को राष्ट्रीय आपदा घोषित करे केंद्र : कांग्रेस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश में बारिश का कहर अभूतपूर्व तरीके से टूटा है और वहां के लोगों का जीवन तबाह हो गया है इसलिए केंद्र सरकार हिमाचल की घटना को राष्ट्रीय आपदा घोषित कर वहां के लिए 10000 करोड़ रुपए का पैकेज जारी करें। कांग्रेस के हिमाचल के प्रभारी राजीव शुक्ला ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हिमाचल में हर तरफ बारिश ने ऐसी तबाही मचाई है कि उसका अंदाज नहीं लग जा सकता।

### पूर्व पुलिसकर्मी प्रदीप शर्मा को मिली जमानत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उच्चतम न्यायालय ने महाराष्ट्र के सनसनीखेज मनसुख हिरन हत्या मामले में गिरफ्तार सेवानिवृत्त हाई-प्रोफाइल मुंबई पुलिस अधिकारी और एनकाउंटर स्पेशलिस्ट माने जाने वाले प्रदीप शर्मा की जमानत याचिका बुधवार को स्वीकार कर ली। न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति पी एस नरसिंह की पीठ ने याचिकाकर्ता शर्मा को जमानत देने का आदेश पारित किया। अदालत ने इससे पहले उन्हें अपनी बीमार पत्नी और वृद्ध मां की देखभाल के लिए अंतरिम जमानत दी थी।

भारत ने अंतरिक्ष में रचा इतिहास

# चांद पर उतरा चंद्रयान-3

## चांद के दक्षिणी ध्रुव उतरने वाला दुनिया का पहला देश बना भारत





**प्रज्ञान रोवर को बाहर आने में एक दिन का समय भी लग सकता है। प्रज्ञान हमें चांद के वातावरण के बारे में जानकारी देगा। हमारे कई मिशन कतार में हैं: एस सोमनाथ, डायरेक्टर, इसरो**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इसरो के चंद्रयान–3 ने चांद के दक्षिणी ध्रुव पर उतरकर इतिहास रच दिया। भारत चांद के दक्षिणी ध्रुव पर कामयाब लैंडिंग करने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है। चंद्रयान–3 ने बुधवार शाम 5 बजकर 44 मिनट पर उतरने की प्रक्रिया शुरू की। इसके बाद अगले 20 मिनट में चंद्रमा की अंतिम कक्षा से 25 किमी का सफर पूरा किया। शाम 6 बजकर 4 मिनट पर चंद्रयान–3 के लैंडर ने चांद पर पहला कदम रखा। इसरो के डायरेक्टर एस. सोमनाथ ने कहा कि अगले 14 दिन हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। प्रज्ञान रोवर को बाहर आने में एक दिन का समय भी लग सकता है। प्रज्ञान हमें चांद के वातावरण के बारे में जानकारी देगा। हमारे कई मिशन कतार में हैं। जल्दी सूर्य पर आदित्य एल1 भेजा जाएगा। गगनयान पर भी काम जारी है। चांद पर पहुंचकर चंद्रयान–3 ने मैसेज भेजा– मैं अपनी मंजिल पर पहुंच गया हूं। वहीं साउथ अफ्रीका से प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों को बधाई देकर कहा– अब चंदामामा दूर के नहीं। इस कामयाबी के साथ भारत चांद के किसी भी हिस्से में मिशन लैंड कराने वाला चौथा देश बन गया है। इससे पहले अमेरिका, सोवियत संघ और चीन ही ऐसा कर सके हैं।

### विक्रम व प्रज्ञान पृथ्वी पर भेजेंगे फोटो

अब सभी को विक्रम लैंडर से प्रज्ञान रोवर के बाहर आने का इंतजार है। धूल का गुबार शांत होने के बाद यह बाहर आएगा। इसमें करीब 1 घंटा 50 मिनट लगेगा। इसके बाद विक्रम और प्रज्ञान एक–दूसरे की फोटो खींचेंगे और पृथ्वी पर भेजेंगे। चंद्रयान मिशन को ऑपरेट कर रहे इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन यानी इसरो ने चंद्रयान को श्रीहरिकोटा से 14 जुलाई को लॉन्च किया था। 41वें दिन चांद के साउथ पोल पर लैंडिंग की प्लानिंग की गई।

### चंद्रयान-3 की सफलता पर देशभर में जश्न

चंद्रयान–3 ने बुधवार शाम चंद्रमा के साउथ पोल पर सफलतापूर्वक उतरने के बाद से देशभर में जश्न मनाया गया। चंद्रयान की लैंडिंग पर केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने तिरंगा फहराया। गुजरात के सूरत में एक स्कूल के बच्चे खुशी से डांस करने लगे। बेंगलुरु में इसरो मिशन कंट्रोल सेंटर में वंदे मातरम के नारे लगाए गए।

प्रधानमंत्री ने वैज्ञानिकों व देशवासियों को दी बधाई

### यह क्षण भारत के सामर्थ्य का है



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़कर वैज्ञानिकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह क्षण भारत के सामर्थ्य का है। यह क्षण भारत में नई ऊर्जा, नए विश्वास, नई चेतना का है। अमृतकाल में अमृतवर्षा हुई है। हमने धरती पर संकल्प लिया और चांद पर उसे साकार किया। हम अंतरिक्ष में नए भारत की नई उड़ान के साक्षी बने हैं।

### भारत की अद्भुत सफलता



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने चंद्रमा पर चंद्रयान–3 की सफल लैंडिंग पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रणाम करते हुए इस मिशन से जुड़े वैज्ञानिकों, इंजीनियर्स और इसरो की पूरी टीम को बधाई दी है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने अपने संदेश में कहा है कि हमने चाँद को छू लिया। यह पल इतिहास के पन्नों में अमर हो गया है। आज का दिन आजादी का अमृत काल है। आज भारत की दुनिया में श्रेष्ठता का दिन भी है। भारत की यह अद्भुत सफलता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के स्पेस मिशन के संकल्प ने भारत को यह दिन दिखाया है। करोड़ों भारतवासियों ने चन्द्रयान–3 की चंद्रमा पर लैंडिंग को देखा है। मैंने भी दमोह में एक लाख लाड़ली बहनों और साथियों के साथ इस लैंडिंग को देखा। सभा में उपस्थित सभी नागरिक आनंद, उल्लास और प्रसन्नता से झूम गए। उन्होंने कहा कि भारत की इस सफलता के लिए पूरा देश गर्व से भरा हुआ है।

### नासा, ईएसए ने भारत को बधाई दी

**नई दिल्ली,एजेंसी।** अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोप की अंतरिक्ष एजेंसियों ने भारत के चंद्रयान–3 मिशन की सफलता पर बधाई दी है। इसरो के वैज्ञानिकों के नेतृत्व में चंद्रयान–3 मिशन ने बुधवार को इतिहास रच दिया, भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास उतरने वाला दुनिया का पहला देश बन गया। नासा के प्रशासक बिल नेल्सन ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा, चंद्रयान–3 के चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफल लैंडिंग के लिए इसरो को बधाई! और चंद्रमा पर अंतरिक्ष यान की सफलतापूर्वक सॉफ्ट–लैंडिंग करने वाला चौथा देश बनने पर भारत को बधाई। हम इस मिशन में आपका भागीदार बनकर खुश हैं!' यूके स्पेस एजेंसी ने कहा, इतिहास बन गया! इसरो को बधाई।' चंद्रयान–3 अंतरिक्ष यान में एक प्रणोदन मॉड्यूल (वजन 2,148 किलोग्राम), एक लैंडर (1,723.89 किलोग्राम) और एक रोवर (26 किलोग्राम) शामिल है। लैंडिंग के साथ, 600 करोड़ रुपए के चंद्रयान -3 मिशन का एक बड़ा हिस्सा पूरा हो गया है। शेष भाग चंद्रमा रोवर है जो लैंडर से नीचे लुढ़क रहा है, चारों ओर घूम रहा है और प्रोग्राम किए गए प्रयोग कर रहा है। यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) के महानिदेशक जोसेफ एशबैकर ने एक्स पर कहा, अविश्वसनीय! इसरो, चंद्रयान–3 और भारत के सभी लोगों को बधाई!! उन्होंने कहा, नई प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित करने और किसी अन्य खगोलीय पिंड पर भारत की पहली सॉफ्ट लैंडिंग हासिल करने का यह कैसा तरीका है।' इस प्रक्रिया में ईएसए के समर्थन पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि एजेंसी महान सबक सीख रही है और महत्वपूर्ण विशेषज्ञता प्रदान कर रही है।'

# मिजोरम में निर्माणाधीन रेलवे पुल गिरा, 26 की मौत



**आइजोल, एजेंसी।** मिजोरम के पहाड़ी सैरांग इलाके के पास बुधवार को एक निर्माणाधीन रेलवे पुल ढह जाने से कम से कम 26 श्रमिकों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। रेलवे और पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, अब तक 22 शव बरामद किए जा चुके हैं। ढही हुई स्टील संरचना के नीचे से शेष चार शवों को निकालने के लिए बचाव अभियान जारी है। रेल मंत्रालय ने इसकी उच्च स्तरीय जांच के आदेश दे दिए हैं। मिजोरम की राजधानी आइजोल से 10 किमी दूर बैराबी (दक्षिणी असम के पास) को सैरांग से जोड़ने वाले कुरुंग नदी पर रेलवे पुल निर्माणाधीन था। दुर्घटनास्थल आइजोल से करीब 21 किमी दूर है। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर), जो 51.38 किलोमीटर लंबी रेलवे परियोजना को लागू कर रहा है, ने चिकित्सा सहायता के साथ रिकवरी प्रोसेस के लिए कई चिकित्सक और इंजीनियरिंग टीमों को भेजा है।

### रेल मंत्रालय ने दिए उच्च स्तरीय जांच के आदेश

### प्रधानमंत्री, रेल मंत्री ने शोक व्यक्त किया, अनुग्रह राशि का किया ऐलान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, पूर्वोत्तर राज्यों के कई मुख्यमंत्री और शीर्ष नेताओं ने हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री वर्तमान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए जोहान्सबर्ग में हैं। उन्होंने प्रत्येक मृतक के परिवार को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएम एनआरएफ) से 2 लाख रुपए और घायलों के लिए 50,000 रुपए की अनुग्रह राशि की घोषणा की है। रेल मंत्री ने मृतकों के लिए दस लाख रुपए, गंभीर रूप से घायल लोगों के लिए दो लाख रुपए और मामूली चोटों के लिए 50,000 रुपए के अनुग्रह मुआवजे की भी घोषणा की। वहीं, मिजोरम के मुख्यमंत्री ज़ोरमथांगा ने भी हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

शहडोल में राज्य स्तरीय स्कूटी वितरण को मुख्यमंत्री ने किया संबोधित, बोले- सबसे पहले बच्चों की पढ़ाई की चिंता है

# साढ़े 7 हजार से ज्यादा मेधावी विद्यार्थियों को मिली निःशुल्क स्कूटी



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि जीवन में उपलब्धि और सफलता प्राप्त करने के लिए मेहनत जरूरी है। कोई भी विद्यार्थी पैसे के कारण उच्च शिक्षा से वंचित न रहे इस उद्देश्य से राज्य सरकार ने मेधावी विद्यार्थियों को सहायता उपलब्ध कराने के लिए विशेष व्यवस्था की है। यह बात उन्होंने शहडोल में आयोजित राज्य स्तरीय स्कूटी वितरण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने इस कार्यक्रम में शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालयों में 2022–23 में प्रथम स्थान पाने वाले 7 हजार 790 विद्यार्थियों को स्कूटी खरीदने के लिए राशि प्रदान की। श्री चौहान ने प्रतीक स्वरूप शहडोल संभाग के 6 विद्यार्थियों को स्कूटी की चाबी सौंपी साथ ही विद्यार्थियों का आव्हान किया कि वह स्कूटी चलाते समय हेलमेट जरूर पहनें। इस दौरान मुख्यमंत्री ने शहडोल को नगरपालिक निगम बनाने की घोषणा की, कहा जल्द ही शहडोल में नगरपालिक निगम स्थापित होगा,

### शहडोल को मिली नगरपालिक निगम, एयर पोर्ट तथा एक और महाविद्यालय की सौगात

एक और महाविद्यालय का शुरू किया जाएगा जबकि एयरपोर्ट का भी यहां शीघ्र निर्माण किया जाएगा। जिससे क्षेत्र में उद्योग स्थापना और निवेश को गति मिलेगी, जिससे रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। इसके अलावा जल्द ही शहडोल से नागपुर की सीधी रेल सेवा शुरू की जा रही है। उन्होंने 'मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना' के प्रशिक्षणार्थियों को ऑफर लेटर प्रदान किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बड़ी संख्या में हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल स्थापित हुए। विश्व स्तरीय मापदंड और सुविधाओं वाले सीएम राइज स्कूलों का निर्माण हो रहा है। विद्यार्थियों को लैपटॉप और स्कूटी तक उपलब्ध कराई जा रही है।

मुख्यमंत्री ने क्रीड़ा परिसर विचारपुर में 6 करोड़ 43 लाख रुपए लागत से बनी एशिया की सबसे बड़ी आईएससी प्रमाणित स्पोटर्स क्लाइम्बिंग वॉल का वर्चुअल लोकार्पण किया। इसके साथ ही 96 करोड़ 62 लाख रूपए के कार्यों का भूमि–पूजन किया तथा 6.43 करोड़ रुपए की लागत के कार्यों का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री रामखिलावन पटेल, सांसद शहडोल श्रीमती हिमाद्री सिंह, क्षेत्रीय विधायकगण तथा जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने चंद्रयान–तीन की सफलता के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा वैज्ञानिकों को बधाई दी।

'नेशनल आइकन' के रूप में नई पारी की शुरुआत

# सचिन अब चुनाव आयोग के लिए बल्लेबाजी करेंगे



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर ने मतदाताओं को जागरूक और शिक्षित बनाने के लिए बुधवार को चुनाव आयोग के 'नेशनल आइकन' (राष्ट्र की पहचान) के रूप में एक नई पारी की शुरुआत की। चुनाव आयोग ने दिग्गज क्रिकेटर और भारत रत्न तेंदुलकर के साथ तीन साल के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त अनुप चंद्र एवं अरुण गोयल उपस्थित रहे। तेंदुलकर ने यहां आयोजित कार्यक्रम में कहा कि भारत जैसे जीवंत लोकतंत्र में युवा आबादी राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि जो दिल खेलों में 'इंडिया–इंडिया' के शोर के साथ भारतीय टीम के लिए धड़कते हैं, वे हमारे बहुमूल्य लोकतंत्र को आगे ले जाने के लिए भी इसी तरह धड़कंगे। उन्होंने कहा कि स्टेडियमों में भीड़ उमड़ने से लेकर मतदान केंद्रों पर भीड़ उमड़ने तक, राष्ट्रीय टीम के साथ खड़े होने से लेकर वोट डालने के लिये समय निकालने तक, हम जोश और उत्साह बनाये रखेंगे। जब देश के कोने–कोने से युवा चुनावी लोकतंत्र में बड़ी संख्या में भाग लेंगे तो हम अपने देश का एक समृद्ध भविष्य देखेंगे।

### मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए कदम

यह सहयोग विशेष रूप से 2024 में होने वाले आगामी आम चुनाव में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए युवा आबादी के साथ तेंदुलकर के अद्वितीय प्रभाव का लाभ उठाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस साझेदारी के ज़रिये चुनाव आयोग का लक्ष्य नागरिकों और विशेषकर युवा एवं शहरी आबादी को चुनावी प्रक्रिया के करीब लाना है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने इस अवसर पर कहा कि तेंदुलकर न केवल भारत में बल्कि विश्व स्तर पर प्रतिष्ठित प्रतीक हैं। उनके पास एक विरासत है जो उनकी क्रिकेट प्रतिभा से कहीं आगे तक फैली हुई है। श्री कुमार ने कहा कि उनका शानदार कॅरियर उत्कृष्टता, टीम वर्क और सफलता की निरंतर खोज के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि उनका प्रभाव खेल से कहीं अधिक है, जिससे वह चुनाव आयोग के लिए मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए आदर्श विकल्प बन गए हैं।

केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने किया सर्वेक्षण

# इंदौर स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में भी पहले स्थान पर

### उप्र के आगरा ने हासिल किया दूसरा स्थान

**भोपाल, देशबन्धु।** इंदौर ने देश में एक बार फिर सफलता का परचम फहराया है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा स्वच्छ वायु सर्वेक्षण–2023 में 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की श्रेणी में इंदौर ने प्रथम, भोपाल ने 5वां, जबलपुर ने 13वां और ग्वालियर ने 41वां स्थान प्राप्त किया है।

पर्यावरण मंत्री हरदीप सिंह डंग ने विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सफलता के लिए बधाई दी है। प्रमुख सचिव गुलशन बामरा ने बताया कि 3 लाख से 10 लाख तक की आबादी वाले शहरों की श्रेणी में प्रदेश के सागर को 188.02 अंकों के साथ देश में 10वां स्थान मिला है। तीन लाख से कम आबादी वाले शहरों में देवास ने 180 अंकों के साथ देश में 6वां स्थान प्राप्त किया है। गत वर्ष देवास ने 200 में से 175.05 अंकों के साथ पहला स्थान प्राप्त किया था। इंदौर को 200 में से 187, भोपाल को 181, जबलपुर को 172 और ग्वालियर को 114 अंक हासिल हुए हैं। स्वच्छ वायु सर्वेक्षण–2023 में दस लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में प्रथम पांच में से तीन पुरस्कार मध्यप्रदेश के खाते में गये हैं। इंदौर को पहला, आगरा को दूसरा, ठाणे को तीसरा, श्रीनगर को चौथा और भोपाल को 5वां स्थान मिला है। प्रदूषण नियंत्रण के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम में 'प्राण' ऑनलाइन पोर्टल पर शहरों द्वारा भी स्व–मूल्यांकन किया जाता है। शहरों को ठोस अपशिष्ट, सड़क धूल, निर्माण और विध्वंस कचरे का प्रबंधन, वाहनों के उत्सर्जन पर नियंत्रण और औद्योगिक प्रदूषण के संबंध में लागू की गई गतिविधियों और उपायों की रिपोर्ट देनी होती है।

अगले साल से नया नियम होगा लागू

# साल में 2 बार होंगे 10वीं-12वीं के बोर्ड परीक्षा

- छात्रों को पढ़नी होंगी दो भाषाएं
- किताबों में भी किया जा बदलाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने बुधवार को नई शिक्षा नीति के तहत अकादमिक सत्र 2024–25 के लिए नोटिफिकेशन जारी किया। जिसके मुताबिक, अब 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं साल में दो बार कराई जाएंगीं। दोनों परीक्षा में जिसमें छात्र के ज्यादा अंक होंगे, उसे गिना जाएगा। इसके अलावा 11वीं और 12वीं के छात्रों को दो भाषाएं पढ़नी होंगी। इनमें से एक भारतीय भाषा होनी चाहिए। हालांकि, छात्रों को विषय चुनने की छूट होगी। उन पर चुनी गई स्ट्रीम के आधार पर कोई प्रतिबंध नहीं होगा। शिक्षा मंत्रालय ने बताया कि सत्र 2024 के लिए किताबों में भी बदलाव किया जा रहा है। किताबों में अब भारी–भरकम सिलेबस भी नहीं रखा जाएगा। किताबों की कीमतें भी कम की जाएंगी। नया पाठ्यक्रम नई शिक्षा नीति –2020 को ध्यान में रखकर तैयार किया जाएगा। जिसमें स्कूल बोर्ड कोर्स पूरा होने पर ऑन डिमांड परीक्षा कराने की मांग कर सकेंगे। इन बदलावों के पीछे का उद्देश्य छात्रों को महीनों तक बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी करने के मुकाबले उनकी समझ और उपलब्धि का आकलन करना है।

### जीडीपी का 6 फीसदी खर्च करने का लक्ष्य

नई शिक्षा नीति को 29 जुलाई 2020 को इसे मंत्रिमंडल से मंजूरी मिली थी। इसमें शिक्षा नीति में समानता, गुणवत्ता जैसे कई मुद्दों पर ध्यान दिया गया है। सरकार ने नई शिक्षा नीति पर केंद्र और राज्य के सहयोग से जीडीपी का 6 फीसदी हिस्सा खर्च करने का लक्ष्य रखा है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने अप्रैल 2023 में नेशनल कॅरिकुलम फ्रेमवर्क का ड्राफ्ट जारी किया था। इसमें 12वीं की बोर्ड परीक्षा को दो टर्म में लेने का प्रस्ताव रखा गया। 10वीं–12वीं के नतीजों में पिछली कक्षाओं के अंक जोड़ने की सिफारिश भी की गई।

## सार-समाचार

### मतदाता जागरूकता रैली एवं मानव श्रृंखला का आयोजन



**सागर, देशबन्धु।** शासकीय महाविद्यालय शाहगढ़ में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य द्वारा जारी स्वीप कैलेण्डर के अंतर्गत बुधवार को महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम प्रभारी डॉ. अनिल कुमार सिंह के द्वारा मतदाता जागरूकता रैली एवं मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया। मतदान के प्रति जागरूकता के क्रम में कार्यक्रम प्रभारी द्वारा महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को वोटर कार्ड एवं मतदाता सूची में नाम जुड़वाने तथा अपने आसपास के लोगो को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रोशनलाल अहिरवार ने बताया कि मतदान हमारा लोकतांत्रिक अधिकार है इसलिए हमें इस अधिकार का प्रयोग अनिवार्य रूप से करना चाहिए, तभी हमारा लोकतंत्र मजबूत होगा। कार्यक्रम में क्रीड़ा अधिकारी रनवीर सिंह, डॉ. सत्येन्द्र कुमार प्रजापति, डॉ. तृषा सिंह तोमर, तुहिन शुभ्रा नाग, नंदकिशोर यादव, मनीष, लक्ष्मी, देवेन्द्र ने महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।

### बाइक सवार दो युवकों को डंपर ने रौंदा

**सागर, देशबन्धु।** देवरी-रहली मार्ग पर स्थित ग्राम परासिया के पास तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार दो युवकों को रौंद दिया। दुर्घटना में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों का पंचनामा बनाया। पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा। बुधवार को पोस्टमार्टम कराकर शव परिवार वालों को सौंप दिए गए। जिसके बाद परिवार वालों ने सागर नरसिंहपुर हाईवे पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया। चक्काजाम की सूचना पर भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और लोगों को समझाइश दी। जानकारी के अनुसार मंगलवार को केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया था। जिसमें शामिल होने के लिए देवेंद्र जाटव उम्र 35 साल निवासी देवरी और किशोरी पुत्र बाबू पटेल निवासी रामगढ़ गए थे। वे शाम को तिरंगा यात्रा से वापस लौट रहे थे। तभी ग्राम परासिया के पास तेज रफ्तार डंपर क्रमांक एमपी 15 एचए 2297 ने बाइक क्रमांक एमपी 15 एमडब्ल्यू 1308 को टक्कर मार दी। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि बाइक सवार देवेंद्र और किशोरी की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस पहुंची और शवों का पंचनामा बनाकर अस्पताल पहुंचाया। मामले में पुलिस ने डंपर चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। पुलिस ने बुधवार को शवों का पीएम कराकर परिवार वालों को सौंप दिया। परिवार वाले देवरी स्वास्थ्य केंद्र के बाहर शव लेकर पहुंचे और सागर नरसिंहपुर हाईवे पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में परिवार वाले और ग्रामीण मौजूद रहे। उन्होंने सहायता राशि और परिवार के सदस्य को नौकरी दिलाए जाने की मांग की है। घटनाक्रम की सूचना मिलते ही देवरी, महाराजपुर, गौरझामर की पुलिस मौके पर पहुंची और चक्काजाम कर रहे लोगों को समझाइश देकर शांत कराया।

### नाबालिग को लेकर भागा आरोपी गिरफ्तार

सागर, देशबन्धु। बहेरिया थाना क्षेत्र से नाबालिग को शादी का झांसा देकर साथ ले जाने और दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से नाबालिग को मुक्त कराया गया है। मामले में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार 1 अगस्त को कर्रापुर पुलिस चौकी में पीड़िता के पिता ने शिकायत की थी। शिकायत में बताया कि 16 वर्षीय बेटी रोजाना की तरह स्कूल ड्रेस पहनकर बैग लेकर स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी। लेकिन वह शाम तक घर वापस नहीं लौटी। जिसके बाद परिवार वालों ने नाबालिग की तलाश शुरू की। गांव और रिश्तेदारों के घर पता किया। लेकिन कहीं कुछ जानकारी नहीं मिली। जिस पर परिवार वालों ने कर्रापुर चौकी पहुंचकर शिकायत की। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। नाबालिग की तलाश में टीमें लगाई गई। पुलिस टीमों ने कार्रवाई करते हुए नाबालिग को तेदूखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम उमरिया से दस्तयाब कर लिया है। उसे पुलिस थाने लेकर पहुंची। जहां पीड़िता के बयान लिए गए। बयानों में पीड़िता ने बताया कि आरोपी रामपाल उर्फ कुलदीप विश्वकर्मा उसे शादी का झांसा देकर अपने साथ ले गया था। जहां आरोपी ने उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। पीड़िता के बयानों के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया। वहीं कार्रवाई करते हुए आरोपी रामपाल विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया। जहां से कोर्ट ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

# रजवांस में 1.40 करोड़ से बनेगें जिम, सीसी रोड एवं शिववाटिका: सरोज सिंह



**बरोदियाकलां, देशबन्धु।** मंत्री भूपेन्द्र सिंह लगातार क्षेत्र में विकास कार्य करा रहे हैं। उन्होंने खुरई, मालथौन और बांदरी में नि:शुल्क कोचिंग भी खुलवा दिए हैं ताकि बेटा बेटी अच्छी शिक्षा ग्रहण कर सकें। जगह-जगह सड़कों का निर्माण, जिम, पार्क, ऑडिटोरियम, तालाब सौंदर्यीकरण सहित खुरई विस की जनता की जरूरत के सभी विकास कार्य कराए जा रहे हैं। यह बात सरोज सिंह ने रजवांस, बीकोरकलां, चुरारी एवं मृगावली में आयोजित कार्यक्रमों में विभिन्न विकास कार्यों के भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। जिला पंचायत की पूर्व उपाध्यक्ष सरोज सिंह ने रजवांस में 1.40 करोड़ लागत के जिम, सीसी रोड व नाली एवं शिववाटिका निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि जब यहां जिम बनकर तैयार हो जाएगा तो इसमें महिलाओं व पुरूषों के लिए अलग-अलग तल अथवा समय की व्यवस्था की जाएगी। जिस से क्षेत्र के युवक युवतियां अपनी सेहत के लिए व्यायाम कर सकेंगे। रजवांस मे किए गए 1 करोड़ 48 लाख के निर्माण कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। बीकोरकलां में 40 लाख की लागत के सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। चुरानी में 46 लाख की लागत के सीसी रोड व नाली निर्माण, शबरी माता मंदिर के पास सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सामुदायिक भवन बनने से यहां के रहने वाले लोगों को सुविधा हो जाएगी। भवन बन जाएगा तो लोगों को शादी, विवाह या अन्य सामाजिक कार्यक्रम करने में सुविधा होगी। मृगावली में 40 लाख की लागत से सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन करते हुए कहा कि सड़कों और नालियों का निर्माण किया जा रहा है वहीं सड़कों पर अंधेरा दूर करने जगह-जगह स्ट्रीट लाईटें और चौराहों पर हाई मास्ट लाईटें लगाई जा रहीं हैं। सरोज सिंह ने मंत्री भूपेन्द्र सिंह द्वारा किए गए विकास कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

## सेवादल ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष की अगवानी कर सलामी परेड दी



**सागर, देशबन्धु।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़के के नगर आगमन पर कांग्रेस सेवादल ने उनकी अगवानी कर सलामी परेड दी। राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे के साथ पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ भी मौजूद रहे। शहर सेवादल अध्यक्ष और ग्रामीण सेवादल अध्यक्ष क्रमश: सिंटू कटारे और महेश जाटव ने दोनों अध्यक्षों को सेवादल की टोपी पहनाकर और सूत की माला पहनाकर सम्मानित किया। प्रदेश सेवादल अध्यक्ष योगेश यादव और सेवादल महासचिव निहाल अहमद भी सलामी परेड में उपस्थित रहे। सेवादल से सलामी परेड में द्वारका चौधरी, नितिन पचौरी, रामगोपाल यादव, प्रीतम यादव, कल्लू पटेल, आनंद हैला, अंकुर यादव आदि उपस्थित रहे।

## उप्र विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक



**बांदरी, देशबन्धु।** भाजपा विधायक प्रवास अभियान शुरू हो गया है। अन्य राज्यों के भाजपा विधायकों ने मोर्चा संभाला है। वहीं बांदरी में कानपुर की बिल्हौर विधानसभा से विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने खुरई विधानसभा के बांदरी में भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। निरंतर विधानसभा क्षेत्र में सघन दौरा कर बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं से मेल मिलाप किया और आगामी विधानसभा चुनाव के लिए तमाम तैयारियों की मजबूत रुपरेखा विस्तृत से जानकारी दी। वही विधायक सोनकर ने खुरई विधानसभा के सभी मंडलों में प्रवास कर मंडल मूल्यांकन बैठक, सभी मोर्चा प्रकोष्ठ के नेताओं के साथ बैठक, शक्ति केंद्र एवं बूथ बैठक, सदस्यता अभियान, लाभार्थी सम्मेलन, युवाओं से बातचीत आदि विषयो पर चर्चा की। अपने उद्बोधन में मंत्री भूपेंद्र सिंह के विकास कार्यों की जमकर तारीफ की और कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता को युद्ध के रूप में लड़ना है। कमियों को दूर करने और मजबूत रणनीति को तैयार में सभी का सहयोग आवश्यक है। सप्ताह के प्रत्येक दिन भाजपा की जीत सुनिश्चित करने का कार्य करेंगे। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष पप्पू मुक्कदम, विश्वनाथ सिंह सहित भाजपा के अन्य मोर्चा के अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## समाजशास्त्र को पहचानें, प्रगति की राह जरूर मिलेगी: प्रो. राजपूत

**सागर, देशबन्धु।** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र एवं समाजकार्य विभाग की दो छात्राओं का चयन मुख्यमंत्री यूथ इंटर्नशिप फॉर प्रोफेशनल डेवलपमेंट प्रोग्राम में चयन हुआ है। अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान भोपाल द्वारा चयनित छात्राओं वंशिता जैन एवं प्रगति साहू को बधाईयां देते हुए विभागाध्यक्ष एवं अधिष्ठाता प्रो. दिवाकर सिंह राजपूत ने कहा कि विषय का ज्ञान और जागरूकता से विद्यार्थियों को सफलता जरूर मिलती है। समाजशास्त्र एवं समाजकार्य ऐसे विषय हैं जो प्रगति और समृद्धि की राह प्रशस्त करते हैं। इस योजना का मुख्य उद्देश्य है। युवाओं की कार्य क्षमता और कौशल विकास को आधार देना। इस योजना के अंतर्गत चयनित वंशिता जैन और प्रगति साहू मुख्यमंत्री जनसेवा मित्र के रूप में कार्य करेंगी। छात्राओं के चयन पर विभागाध्यक्ष ने बधाई दीं।

## श्रद्धालुओं ने बनाए पार्थिव शिवलिंग



**सागर, देशबन्धु।** बैंक कॉलोनी पशुपतिनाथ मंदिर में चल रहे पार्थिव शिवलिंग निर्माण कार्यक्रम के तृतीय दिवस बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं सुबह 8 से 11 बजे तक रूद्री निर्माण और 11.30 से 1 बजे तक पूजन अभिषेक किया। कार्यक्रम 27 अगस्त तक चलेगा। 28 अगस्त को हवन पूर्णाहूति होगी।

## जहरीला पदार्थ खाने से तीन भैसों की मौत



**बीना, देशबन्धु।** ग्राम कुरूआ में जहरीला पदार्थ खाने से तीन भैसों की मौत हो गई एवं एक भैंस मृत अवस्था में पड़ी हुई है। अंकित पिता रूपनारायण राय निवासी ग्राम कुरूआ ने थाना प्रभारी के नाम एक आवेदन दिया गया है। जिसमें कहा गया है कि बुधवार को उसकी चार भैंसे मंगलवार को घर के बाहरी तरफसार में बंधी हुई थी। शाम लगभग 4 बजे जब उसके पिता ने भैंसो को देखा तो वह मृत अवस्था में पड़ी हुई थीं। जिसके बाद उन्होंने पशु चिकित्सक डॉ. एससी यादव द्वारा भैंसों का इलाज कराया गया जिस पर चिकित्सक ने तीन भैंसों को मृत घोषित कर दिया गया। मृत्यु का कारण जहरीला पदार्थ खाने से होना बताया गया है। एक भैंस का इलाज चिकित्सक द्वारा चल रहा है।

## गरिमा ढंग से मनाई गई गोस्वामी तुलसीदास की जयंती



**बीना, देशबन्धु।** गोस्वामी तुलसीदास की जयंती झूलेलाल धर्मशाला में गरिमा ढंग से मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षा विष्णु पटैरिया ने की। कार्यक्रम की शुरूआत गोस्वामी तुलसीदास के चित्र के समक्ष दशरथलाल पुरोहित एवं राकेश पाठक द्वारा दीप प्रज्जवलित कर की गई। अध्यक्षता कर रहे विष्णु पटेरिया ने कहा कि तुलसीदास ने कहा था कि किसी के मुंह से यदि धोखे से भी राम का नाम निकलता है तो मैं अपने शरीर के चमड़े से उसके जूते बनवाने तैयार हूं जीवन में निर अभिमानी रहना चाहिए। दशरथ पुरोहित ने बताया कि अभी कलयुग में चारों युग में हनुमान जी का प्रताप है। हनुमान जी भगवान की भक्ति में लीन रहते हैं और भगवान की सेवा करते रहते हैं। रामायण की कथा जन-जन से जुड़ने का माध्यम है वह हमें मार्ग पर चलना सिखाती है। इस अवसर पर लक्ष्मीनारायण पटेरिया, कुंजबिहारी बिलगैयां, राममनोहर ताम्रकार, सीताराम चौरसिया, राम शर्मा, राकेश पाठक, ओमकार देवरिया, कमल सिंह ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा की ग्रामीण मंडल बैठक संपन्न



**बीना, देशबन्धु।** देहरी रोड स्थित राजबाड़ा पैलेस में ग्रामीण मंडलों की बैठक आयोजित कीगई। जिमसें ग्रामीण मंडल की कार्यकारणी, मोर्चा, प्रकोष्ठ एवं जनप्रतिनिधि के साथ बूथ स्तर के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश उन्नाव के विधायक पंकज गुप्ता विधानसभा में सात दिवसीय प्रवास पर है बैठक के दौरान उन्होनें कार्यकर्ताओं से सामूहिक एवं व्यक्तिगत चर्चा की। उन्होनें बूथ स्तर पर होने वाले कार्यों के संबंध में कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश दिया। उन्होनें कार्यकर्ताओं से कहा कि हमें अपना बूथ जिताना है यदि और यदि हम अपना बूथ जिताते हैं तो हमारी जीत सुनिश्चित हैं। विधायक महेश राय ने कहा कि भाजपा का संगठन मजबूत है हमें पार्टी के कार्यकर्ताओं के बल पर ही पुन: पार्टी को विजय प्राप्त कराना है। कार्यक्रम का संचालन नवीन सिंह ठाकुर ने किया एवं कार्यक्रम का आभार पूर्व विधायक विनोद पंथी ने व्यक्त किया। बैठक में विधानसभा संयोजक मनोज शर्मा, विजय हुरकट, कुंवरसिंह ठाकुर, शशि कैथोरिया, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष लोकेन्द्र सिंह ठाकुर सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मनाया भगवान पारसनाथ का मोक्ष कल्याणक महोत्सव



**बीना, देशबन्धु।** श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में मुनि श्री सुब्रत सागर के सानिध्य में 23 में तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ का मोक्ष कल्याणक धूमधाम से बनाया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रात: अभिषेक शांतिधारा के पश्चात पारसनाथ भगवान की पूजा की पारसनाथ भगवान का मोक्ष कल्याण महोत्सव मनाया गया। सामूहिक निर्वाण कांड के उच्चारण के बाद लाडू चढ़ाया गया। मोक्ष सप्तमी के दिन भगवान के समक्ष लाडू चढ़ाने की प्रथम है मुनेश्वरी ने बताया जिस प्रकार लाडू मीठे रस से भरा होता है। इस तरह मनुष्य की आत्मा भी पवित्र रसों से भर जाए, सावन माह के शुक्ल पक्ष की सप्तमी के दिन जैन धर्म के 23 में तीर्थंकर भगवान पारसनाथ को मोक्ष की प्राप्ति हुई थी। इसीलिए इस दिन को उनके मोक्ष कल्याण दिवस के रूप में मनाया जाता है कार्यक्रम में महिला मंडल एवं समाज के सभी वर्गों के लोगों ने बड़े ही उत्साह के साथ भगवान पारसनाथ का मोक्ष कल्याण मनाया गया।

## विषय के प्रति लगन और परिश्रम से विद्यार्थियों की पहचान बनती है: प्रो. राजपूत

**सागर, देशबन्धु** डॉ. हरीसिंह गौर विवि के समाजशास्त्र एवं समाजकार्य विभाग के शोधार्थी अहफाज का चयन भारत सरकार नई.दिल्ली के संस्कृति मंत्रालय अंतर्गत इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र में प्रोजेक्ट असिस्टेंट के रूप में चयन हुआ है। विभाग के लिए यह हर्ष का विषय है कि यहां के विद्यार्थी एवं शोधार्थी विभिन्न संस्थानों में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। विभागाध्यक्ष एवं अधिष्ठाता प्रो. दिवाकर सिंह राजपूत ने बधाईयां देते हुए कहा कि विषय के प्रति लगन और परिश्रम से विद्यार्थियों की पहचान स्थापित होती है। विद्यार्थियों को लगन और परिश्रम से खुद को स्थापित करने के लिए सदैव प्रयास करना चाहिए, सफलता जरूर मिलेगी।

## मजबूत लोकतंत्र के लिए मानव श्रखंला बनाई, रैली निकाली



**राहतगढ़, देशबन्धु।** शासकीय महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान में स्वीप कायक्रम के तहत मजबूत लोकतंत्र थीम पर छात्र-छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर नगर के मुख्य मार्गो से नोडल अधिकारी अपर्णा दुबे सहित महाविद्यालय स्टाफ एवं छात्र छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। इस मौके पर राजू रजक, ऋतु व्यास, निधि नगाइच, श्रीकांत रिंगे, नेहा सक्सेना सहित छात्र छात्राएं शामिल रहे।

## सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाये: विधायक देवेन्द्र सिंह लोधी



**बण्डा, देशबन्धु।** भाजपा मध्यप्रदेश का प्रदेशव्यापी विधायक प्रवास कार्यक्रम प्रारंभ हो चुका है। जिसके अंतर्गत बुधवार की दोपहर बण्डा विधानसभा क्षेत्र में उत्तरप्रदेश के स्याना विधायक देवेन्द्र सिंह लोधी ने बरायठा स्टेंड स्थिति रामभैया मैरिज हाल में भाजपा मंडल बरा के सभी पदाधिकारियों एवं बूथ अध्यक्ष, महामंत्री, शक्ति केन्द्र के संयोजक स्व सहायता समूह की महिलाओं की बैठक लेकर वन टू वन चर्चा की। बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि हम सबको मिलकर सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाये सरकार के विकास कार्यों को आमजन को बताए । बैठक में मंडल अध्यक्ष विवेक मिश्रा, नीतेश जैन, लखन सिंह पटौआ, राकेश बमाना, जाहर सिंह ठेकेदार, लखनसिंह लम्बरदार सहित बरा मंडल के सभी ग्रामों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाकर घायल करने वाले आरोपी को छः माह का सश्रम कारावास

**सागर, देशबन्धु।** लापरवाही पूर्वक एवं तेज गति से गाड़ी चलाकर घायल करने वाले आरोपी साकिर अंसारी को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी जिला सागर रीना शर्मा की न्यायालय ने दोषी करार देते हुये भादवि की धारा 338 के तहत छ: माह का सश्रम कारावास व एक हजार रूपये अर्थदण्ड धारा 337 के तहत तीन माह का सश्रम कारावास एवं मोटरयान अधि. की धारा. 130(3)/177 के तहत 100 रूपये अर्थदण्ड, धारा. 39/192 के तहत दो हजार रूपये अर्थदण्ड धारा 146/196 के तह 500 रूपये अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया है। प्रभारी उप संचालक अभियोजन धर्मेन्द्र सिंह तारन के मार्गदर्शन में सहा. जिला अभियोजन अधिकारी किरण गुप्त ने की। घटना इस प्रकार है कि फरियादिया पीड़िता शीला बाल्मीकि ने थाना मोतीनगर में इस आशय की रिपोर्ट लेखबद्ध करायी कि 25 दिसम्बर 2017 को सुबह 8.30 बजे की बात है वह अपने लडके प्रिंस के साथ मोटरसाइकिल क्र. एमपी 15 एमएल 2504 से नौकरी करने के उपरांत उपस्थिति का अंगूठा लगाने पुरव्याउ टौरी जा रही थी और वह पीछे बैठी थी। जैसे ही वह मोराजी स्कूल के मंदिर के पास पहुंची तो सामने से मो. क्रमांक एमपी 15 एम सी 4137 का चालक मोटरसाइकिल को तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाकर आया और उनकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी जिससे वह दोनों मोटरसाइकिल से गिर गये, गिरने से उसे कमर, सिर तथा बांये पैर के घुटने में मूंदी चोटे आयी एवं उसके लडके प्रिंस को बांये हाथ की अंगुलियों में, बांये कंधा में एवं दाहिने पैर के घुटने में चोटे आयी थी। वहां पर किसी ने 108 को बुला लिया था फिर उसे व उसके लडके को मेडीकल कॉलेज में भर्ती कर किया गया, घटनास्थल पर उसका लडका विपिन आ गया था। उक्त रिपोर्ट के आधार पर थाने पर प्रकरण पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया गया, थाना मोतीनगर द्वारा विवेचना उपरांत चालान न्यायालय में पेश किया।

### शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कृत्य करने वाले आरोपी को आजीवन सश्रम कारावास

**सागर, देशबन्धु।** शादी का झांसा देकर नाबालिग के साथ जबरन दुष्कृत्य करने वाले आरोपी नीलेश रजक को तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पाक्सों एक्ट 2012 नीलम शुक्ला जिला सागर की अदालत ने दोषी करार देते हुये भादवि की धारा 366 के तहत 5 वर्ष सश्रम कारावास एवं पांच सौ रूपये अर्थदण्ड, धारा. 376(3) के तहत 20 वर्ष सश्रम कारावास एवं पांच हजार रूपये अर्थदण्ड तथा धारा 6 पॉक्सों एक्ट के तहत 20 वर्ष सश्रम कारावास एवं पांच हजार रूपये अर्थदण्ड तथा धारा.3(1)(डब्ल्यू)(आई), एससी/एसटी एक्ट के तहत 3 वर्ष सश्रम कारावास एवं पांच सौ रूपये अर्थदण्ड धारा.3(2)(व्ही), एससी/एसटी एक्ट के तहत 5 वर्ष सश्रम कारावास एवं पांच सौ रूपये अर्थदण्ड, धारा.3(2)(व्ही) एससी/एसटी एक्ट के तहत आजीवन कारावास एवं पांच हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया है। न्यायालय द्वारा बालिका के पुर्नवास के लिये उसे क्षतिपूर्ति के रूप में युक्तियुक्त प्रतिकर 400000 रूपये दिये जाने का आदेश दिया। मामले की पैरवी प्रभारी उप संचालक अभियोजन धर्मेन्द्र सिंह तारन के मार्गदर्शन में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी रिपा जैन ने की। घटना इस प्रकार है कि सूचनाकर्ता बालिका की मां ने 14 अगस्त 2020 को थाना केसली में रिपोर्ट लेख कराई कि बालिका पीड़िता 7 अगस्त 2020 को रिश्तेदारी में जाने का कहकर निकली थी जो घर वापस नहीं आई जिसकी तलाश करने एवं रिश्तेदारी में पता करने पर उसका काई पता नहीं चला, अभियुक्त नीलेश रजक द्वारा बालिका को बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने की शंका व्यक्त की। 15 सितम्बर 2020 को पीड़िता के दस्याब होने पर उसके द्वारा बताया गया कि अभियुक्त नीलेश रजक द्वारा उसे शादी का झांसा देकर ले गया और उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाये। उक्त रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया गया, थाना केसली द्वारा विवेचना उपरांत चालान न्यायालय में पेश किया।

## सार समाचार

### डॉ. संगीता चौबे को विप्र नारी सम्मान दिया



**छतरपुर, देशबन्धु।** विगत रोज शहर के निजी विवाह घर में विप्र नारी महासंगठन का हरियाली तीज कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विप्र समाज की अनेक महिलाओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान डॉ. संगीता चौबे को विप्र नारी सम्मान देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शामिल विप्र मातृशक्ति ने बताया कि हर साल सावन माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को हरियाली तीज का पर्व मनाया जाता है और उसी उपलक्ष्य में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर संस्थापिका श्रीमति निशा पाण्डेय, जिलाध्यक्ष श्रीमति मालती त्रिपाठी, हेमलता पाठक, रेखा पाण्डेय, हेमा तिवारी, शशि दीक्षित, मोनिका शर्मा सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

### खेत से 7 पेटी पकड़ी अवैध शराब



**लवकुशनगर, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र के अर्न्तगत पुलिस ने अवैध शराब पकड़ कर कार्यवाही की है। थाना क्षेत्र के सिल्पतपुरा गाँव में एक खेत में झाड़ियो में शराब की पेटिया छुपी रखी थी पुलिस को जानकारी लगने पर पुलिस ने मौका स्थल पहुच कर शराब सहित आरोपित को पकड़ कर कार्यवाही की है। जानकारी के अनुसार नंदलाल पाल के खेत में टपरा के पास झाड़ियो में 7 पेटी शराब जिसमें 4 पेटी शनि के क्वार्टर, 3 पेटी सफेद के क्वार्टर थे जिसको पुलिस ने बरामद कर आरोपित को पकड़ कर 34 (2) आबकारी अधिनियम की कार्यवाही की है। इस कार्यवाही में प्रमुख रुप से उपनिरीक्षक प्रदीप शर्मा, आर. रमाकांत तिवारी, हृदेश, देव, सेरज शर्मा, अभिषेक की अहम भूमिका रही है।

## अपने-अपने तरीके से किया खुशी का इजहार

# चन्द्रमा की सतह पर चंद्रयान के लैडिंग पर सब मिल बोले वन्देमातरम

**छतरपुर, देशबन्धु।** देश के बहु प्रतीक्षित मिशन चंद्रयान 3 ने आखिरकार चांद पर तिरंगा फहरा दिया है। 40 दिन पहले धरती से छोड़े गए चंद्रयान- 3 ने बुधवार को शाम 6ः04 पर चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित लैंडिंग की है जैसे ही चंद्रयान मिशन सफल हुआ वैसे ही देश के साथ-साथ जिले के लोगों ने एक दूसरे को शुभकामनाएं दी और उत्साह मनाया। इस सफलता के लिए जहां इसरो के एक हजार से अधिक इंजीनियर और वैज्ञानिक दिन-रात काम में लग रहे वहीं बुधवार को दिनभर धार्मिक स्थलों में इसकी सफलता के लिए प्रार्थनाएं होती रहीं। मंदिरों में हवन पूजन हुए तो मस्जिदों में दुआएं मांगी गई।

चंद्रयान-3 की सफलता के लिए वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को बधाई दी गई। देश भर के लोगों ने आज खुद को गौरवान्वित महसूस किया है। बेहद कम बजट में चांद पर कदम रखने वाले देश के लोग उत्साह और उमंग से भरे हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष मलखान सिंह ने खुशी जाहिर करते हुए इसरो की पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि इसरो ने आज वह काम कर दिखाया है जो विकसित देशों ने नहीं किया। चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर भारत ने कदम रखा है। उन्होंने कहा कि इस तरह की सफलता ही भारत को विश्व गुरु बनाने की कड़ी है। भाजपा कार्यालय में उत्साह के साथ आतिशबाजी भी की गई।

### संकट मोचन मंदिर में हुआ सफलता के लिए हवन



कहते हैं दुआओं में बहुत असर होता है। सच्चे मन से कोई काम करने पर सफलता निश्चित मिलती है। चंद्रयान अभियान की सफलता के लिए शहर के संकट मोचन मंदिर में हवन पूजन किया गया। दोपहर से ही विद्वान ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मित्रों के साथ हवन पूजन किया गया। राजेंद्र अग्रवाल ने बताया कि के इस अभियान को सफल बनाने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। ईश्वर की असीम अनुकंपा है कि वैज्ञानिकों की मेहनत सफल हुई।

### मुश्किल कुशा ईदगाह में मांगी गई दुआएं



देश के इस महत्वाकांक्षी अभियान की सफलता के लिए मुस्लिम समाज ने भी आगे बढक़र दुआएं मांगी स्थानीय मुश्किल कुशा ईदगाह में मुस्लिम समाज के लोगों ने पहुंचकर नमाज अदा की और चंद्रयान-3 की सफलता के लिए दुआ मांगी। समाज के लोगों ने कहा कि हमारे देश की तरक्की से ही उनकी तरक्की है। चंद्रयान 3 सफल हुआ इसके लिए सभी को शुभकामनाएं। देश उत्तरोत्तर आगे बढ़े। चांद की गतिविधियों से हम सबको अवगत होने का अवसर मिलेगा।

### जटाशंकर में भी मनाया गया चंद्रयान-3 की सफलता का जश्न



जिले के शिवधाम जटाशंकर में भी बुधवार को दिन भर चंद्रयान-3 की सफलता के लिए भगवान भोलेनाथ से कामना की जा रही थी। शाम को जैसे ही चंद्रयान-3 सफलता पूर्वक लैंड हुआ वैसे ही उपस्थित जनसमुदाय में हर्ष की लहर दौड़ गई। सभी ने तिरंगा लहराकर हर-हर महादेव, वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारे लगाकर इसरो सहित संपूर्ण देशवासियों को इस सफलता की बधाई दी। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक राजेश शुक्ला बबलू, एसडीएम राकेश शुक्ला, लोकन्यास श्री जटाशंकर धाम के अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों और स्टाफ ने पल-पल देखी सफलता की कहानी



महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं के अलावा कुलपति और समूचे स्टाफ को भी चंद्रयान सफलता की बेताबी रही। शाम 5 बजे से कंप्यूटर के बड़े स्क्रीन पर टकटकी लगाए सफलता की कहानी देखने में समूचा विश्वविद्यालय परिवार जुटा रहा। जैसे ही मिशन कामयाब हुआ छात्र उछल पड़े सभी ने अभियान की सफलता पर उत्साह जाहिर करते हुए एक दूसरे को बधाइयां दीं।

**बड़ी फिल्मों के बजट से भी कम राशि में चांद पर पहुंच गए हम :** यहां आपको यह बताना बेहद आवश्यक है कि इस सफलता में सिर्फ 650 करोड रुपए खर्च हुए हैं। उल्लेखनीय है कि बड़ी फिल्में इससे कहीं अधिक बजट में बनती है। बेहद कम खर्चे में हमारे वैज्ञानिकों ने चांद पर तिरंगा फहरा दिया है। रूस का हाल ही में लूना नाम का यान चंद्रमा पर भेजा गया था जो असफल रहा। आपको बता दे लूना यान चंद्रयान-3 से 15 गुना अधिक बजट का था। 90 टोल खर्च में चंद पर तिरंगा फहराना किसी चमत्कार से कम नहीं है। यह पूरी सफलता इसरो के उन वैज्ञानिकों और इंजीनियर के खाते में जाती है जिन्होंने दिन-रात एक कर इस अभियान को आगे बढ़ाया।

### भाजपा कार्यालय में भी मनाया गया जश्न



चन्द्रयान 3 की सफल सॉफ्ट लैडिंग पर भाजपा कार्यालय में भी खुशी का माहौल देखने को मिला। यहां पर जिलाध्यक्ष मलखान सिंह के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोडक़र खुशियां जताई और मिठाई खिलाकर एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया।

## मीटर रीडर्स संघ ने मांग पत्र देकर कहा, दूर की जाएं विसंगति



**छतरपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश बिजली मीटर रीडर्स कर्मचारी संघ की जिला इकाई ने बुधवार को जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कलेक्टर के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भेजकर मध्यप्रदेश पूर्व, मध्य एवं पश्चिम क्षेत्र की विद्युत वितरण कम्पनियों में कार्यरत स्थगन प्राप्त अनुबंधित मीटर वाचकों एवं आऊटसोर्स मीटर वाचकों लिए बनाए गए नियमों की विसंगतियां को खत्म करने, अधिकतम सेवा आयु 45 वर्ष से बढ़ाकर 62 वर्ष करने एवं वेतन 20 हजार रूपये प्रति माह किए जाने की मांग उठाई है।

संघ के जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह बुंदेला ने बताया कि मध्यप्रदेश की पूर्व, मध्य और पश्चिम क्षेत्र की तीनों विद्युत वितरण कम्पनीयों के अधीन कार्यरत हजारों स्थगन प्राप्त आऊटसोर्स मीटर वाचक कर्मचारी, कम्पनीयों के नियम-शर्तों की विसंगतियों के कारण अपने आपको असहज व असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उनका वेतन कम होने से वे अपने परिवारों का भरण-पोषण सही ढंग से नहीं कर पा रहे हैं। इसके अलावा अधिकतम सेवा आयु 45 वर्ष होने के चलते 45 वर्ष की उस उम्र में ही कर्मचारी बेरोजगार होने को मजबूर हैं। इन तमाम परिस्थितियों में कर्मचारियों व उनके परिवारों में कम्पनी व सरकार के प्रति असंतोष पनप रहा है। श्री बुंदेला ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से सभी स्थगन प्राप्त अनुबंधित मीटर वाचक व आऊटसोर्स मीटर वाचकों के लिए एक काम, एक नाम (विद्युत कर्मी) एक दाम और एक नियम बनाकर नियम-शर्तों की विसंगतियों को खत्म करने, कर्मचारी की अधिकतम सेवा आयु 62 वर्ष करने और वेतन 20 हजार रूपये प्रतिमाह करने की मांग की गई है। इस अवसर पर जिले भर के मीटर रीडर उपस्थित रहे।

## नर्सिंग छात्र संगठन ने किया चकाजाम



**छतरपुर, देशबन्धु।** अपनी विभिन्न मांगों को लेकर पिछले तीन दिनों से जिला मुख्यालय पर जिले के नर्सिंग महाविद्यालयों के विद्यार्थी नर्सिंग छात्र संगठन के बैनर तले धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। बुधवार को प्रदर्शनकारी छात्रों ने शहर के छत्रसाल चौराहे पर नारेबाजी करते हाथों में काली पट्टी बांधकर चक्काजाम कर दिया। इसी दौरान एक छात्र अत्यधिक गर्मी के चलते चौराहे पर ही बेहोश हो गया। विद्यार्थियों के प्रदर्शन की खबर लगते ही जिला प्रशासन की ओर से तहसीलदार रंजना यादव मौके पर पहुंची और उन्होंने प्रदर्शन कर रहे छात्र-छात्राओं को शांत कराने का प्रयास किया।

चौराहे पर प्रदर्शन करने के बाद सभी छात्र-छात्राएं कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां कलेक्टर कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए। नर्सिंग छात्र संगठन के जिलाध्यक्ष वतन मिश्रा ने बताया कि मेडीकल यूनिवर्सिटी जबलपुर से संबंधित 2020-21 सत्र के सभी नर्सिंग कोर्सेस की पढ़ाई करते हुए विद्यार्थियों को 3 साल हो चुके है लेकिन अभी तक प्रथम वर्ष की परीक्षा नही हुई है, जिस कारण से विद्यार्थी मानसिक रूप से परेशान हैं।

विद्यार्थियों की मांग है कि यूनिवर्सिटी की कार्यपरिषद की बैठक कर प्रस्ताव पारित करके 2020-21 सत्र के सभी बीएससी नर्सिंग स्टूडेंट्स को स्टूडेंट्स को प्रथम वर्ष में जनरल प्रमोशन दिया जाए और दूसरे तथा तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा जल्द ली जाए। पोस्ट बेसिक व एमएससी नर्सिंग स्टूडेंट्स को प्रथम वर्ष में जनरल प्रमोशन और दूसरे वर्ष की परीक्षा जल्द कराने की मांग भी की गई है। इसके अलावा ज्ञापन में जीएनएम नर्सिंग करने वाले विद्यार्थियों का जल्द रिजल्ट घोषित कराने, छात्र-छात्राओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों को जले भेजने, नर्सिंग स्टूडेंट्स को स्कॉलरशिप दिलाने की मांग शामिल है।

## सरकार कर रही युवाओं से छलावा : मुन्नाराजा



**छतरपुर, देशबन्धु।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक शंकर प्रताप बुंदेला मुन्ना राजा ने बुधवार से राजनगर विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क यात्रा शुरू की है। पहले दिन मुन्ना राजा अपने समर्थकों के साथ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बरद्वाहा, टपरन पुरवा, पहाड़ी हीराजू, किशोरगंज, मझगुवां और गंगवाहा पहुंचे, जहां ग्रामीणों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। मुन्ना राजा द्वारा शुरू की गई जनसंपर्क यात्रा को पहले दिन जनता का भरपूर समर्थन मिला।

ग्रामीणों को संबोधित करते हुए मुन्ना राजा ने कहा कि पिछले 18 वर्षों से प्रदेश में काबिज भाजपा सरकार ने सिवाय भ्रष्टाचार के कुछ भी नहीं किया। बड़े घोटाले भाजपा सरकार द्वारा किए जा रहे हैं, जिनमें सबसे दुखद प्रदेश के युवाओं के साथ नौकरी के नाम पर किया जा रहा छलावा है। उन्होंने सरकार किसानों के लिए तमाम योजनाएं चलाने, राहत देने की बात कहती है लेकिन जमीनी स्तर पर यह सभी दावे खोखले हैं किसी भी किसान को न तो योजनाओं का लाभ मिल रहा है और न ही कोई सुविधा। इस दौरान उन्होंने कहा कि जनता के साथ छलावा करने वाली इस सरकार को सबक सिखाने का समय आ गया है।

मुन्ना राजा ने पूर्व में अपने द्वारा किये गए विकास कार्यों एवं युवाओं को रोजगार दिलाने के प्रयासों को याद दिलाकर आगामी चुनाव में जनता से समर्थन मांगा। इस मौके पर बहादुर सिंह बुन्देला पूर्व जनपद अध्यक्ष राजनगर, डॉ. मुराद अली, डॉ. अवध किशोर अवस्थी, रामस्वरूप पटेल सरपंच खजवा, हरि महाराज, अनारी पाल, पियूष दीक्षित, आकाश दीक्षित, पंकज गुप्ता, लखन दुबे, चौबे चौधरी, पूर्व सरपंच नौने लाल पटेल, वृंदावन सेन, गंगादीन पटेल, पवन नायक, भगवानदास पटेल जिमींदार, भुमानीदीन पटेल, बाबूलाल अहिरवार, लखन लाल पटेल, तुलसीदास सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## तेज बारिश के चलते गिरा पेड़



**नौगांव, देशबन्धु।** बुधवार शाम 4 बजे के लगभग हुई तेज बारिश से लोक निर्माण विभाग कार्यालय के बाहर कई वर्षों पुराना चिल्ला का पेड़ गिर गया। बारिश से बचने के लिए पेड़ के नीचे खड़ा युवक पेड़ गिरने से गंभीर रूप से हो गया जिससे युवक के पैर को हड्डी बाहर निकल आई। राहगीरों की मदद से घायल को सिविल अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद युवक की हालत को देखते हुए जिला चिकित्सालय रैफर कर दिया।

शहर में स्थित लोक निर्माण विभाग की बाउंड्री वॉल के किनारे एक युवक पानी की टिकिया लगा कर अपने परिवार का गुजर बसर करता है। बुधवार की शाम के समय शहर की सीमा से लगे उत्तर प्रदेश के भगारी गांव का युवक गजेंद्र राजपूत नौगांव में किसी काम से आया हुआ था। इसी दौरान गजेंद्र राजपूत लोक निर्माण विभाग के पास पानी की टिकिया खाने रुक गया। तभी तेज बारिश आ गई तो युवक गजेंद्र राजपूत बाउंड्री के किनारे लगे चिल्ला के पेड़ के नीचे खड़ा हो गया। तभी तेज बारिश के चलते चिल्ला का पेड़ भरभरा कर गिर गया। पेड़ गिरने से नीचे खड़ा युवक गजेंद्र राजपूत गंभीर रूप से घायल हो गया। पेड़ गिरने से युवक गजेंद्र के पैर की हड्डी बाहर निकल आई। राहगीरों की मदद से घायल को सिविल अस्पताल ले जाया गया, अस्पताल में ड्यूटी डॉक्टर ने घायल का प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत को देखते हुए जिला चिकित्सालय रैफर कर दिया।

**नपा ने पेड़ कटवा कर यातायात कराया प्रारंभ:** बारिश के पेड़ गिरने से सड़क पर यातायात बाधित हो गया था। जानकारी मिलने पर नगर पालिका अध्यक्ष अनूप तिवारी ने मौके पर नपा के कर्मचारी भेजकर पेड़ को कटवाते हुए मार्ग से हटवा कर यातायात को फिर से प्रारंभ कराया। तो वहीं मोहल्लेवासियों ने बाउंड्रीवॉल के किनारे दूसरे क्षतिग्रस्त पेड़ को भी कटवाने नपा को आवेदन सौंप दिया है।

### रोड किनारे खड़े हो रहे वाहन हादसो को दे रहे आमंत्रण

**लवकुशनगर, देशबन्धु।** नगर के महोबा रोड, छतरपुर रोड सहित अनेको जगहो पर वाहन सड़क किनारे खड़े कर दिये जाते है जो हादसो का कारण बन रहे है। नगर के महोबा रोड में डिवाईडर रोड में वाहन खड़े होने के कारण आये दिन हादसा हो रहा है। सड़क के बिल्कुल बगल से वाहन खड़े करने के कारण जगह कम हो जाती है जिससे आने जाने वालो को आगे का दिखाई नही देता जिससे एक्सीडेन्ट की घटनाये घट रही है।वाहनों के खड़ा होने का कोई एक निश्चित स्थान नही है। इस ओर पुलिस विभाग उदासीन रवैया अपना रहा है। वाहन ड्राईवरो को जहॉ मन होता है वही वाहन को खड़ कर देते है। महोबा रोड में 2 हायर सेकेण्ड्री स्कूल, कॉलेज, जनपद कार्यालय, नगर परिषद कार्यालय एवं एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ, ब्लाक कालौनी है जिसके कारण आवागवन अधिक रहता है। डिवाईडर बनने के कारण जगह भी कम है, वाहनो के खड़े होने के कारण वाहन क्रासिंग में समस्या होती है और आये दिन लोग एक्सीडेन्ट का शिकार होते है। नगर के लोगो की मॉग है कि एक निश्चित स्थान निर्धारित किया जाये ताकि वाहन वहॉ खड़े हो सके जिससे आवागवन बाधित न हो और एक्सीडेन्ट न हो सके।

## जिले में स्वीप गतिविधियों की हुई सराहना

# 31 अगस्त तक वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने पर करें फोकस : प्रेक्षक



### नए मतदाता एक भी न छूटे

**छतरपुर, देशबन्धु।** सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग एवं रोल प्रेक्षक धनंजय सिंह भदौरिया ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष छतरपुर में निर्वाचन संबंधी गतिविधियों की समीक्षा की। रोल प्रेक्षक श्री भदौरिया ने फोटो निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 अंतर्गत की जा रही निर्वाचन संबंधित गतिविधियों के क्रियान्वयन एवं प्रगति के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी.आर. के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप नोडल अधिकारी तपस्या परिहार ने स्वीप गतिविधियों को प्रस्तुत किया। बैठक में एडीएम एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नमः शिवाय अरजरिया तथा एसडीएम एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उपस्थित रहे।

*रोल प्रेक्षक श्री भदौरिया ने ई.पी. एवं जेंडर रेशियों की प्रगति बढ़ाने के लिए बॉटम वाले मतदान केन्द्रों का एनालिसिस कर जिला निर्वाचन अधिकारी को रिपोर्ट भेंजने और पूरे फोकस के साथ प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा प्राप्त फॉर्म नं 6, 7 एवं 8 आदि का डिस्पोजल जल्दी करें। साथ ही नए युवा मतदाता, स्टूडेंट्स के नाम मतदाता सूची से न छूटे। रोल प्रेक्षक ने जिले में चलाई जा रही स्वीप गतिविधियों की सराहना की। उन्होंने कहा ऑटो मोड में कार्य करें, 1 अक्टूबर को भी जो 18 वर्ष के हो रहे हैं उनका भी वोटर लिस्ट में नाम जोड़े। उन्होंने कहा 31 अगस्त तक ही इस कार्य को करें। उन्होंने एसडीएम निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो बीएलओ का काम निम्न प्रगति है उनकी मॉनिटरिंग करें।*

### मतदाता सूची में नाम दर्ज करने प्रेरित किया



**छतरपुर, देशबन्धु।** शासकीय हाईस्कूल रामपुर ढिला के विद्यार्थियों के साथ स्टाफ ने बुधवार को समूह भोज किया इस दौरान मतदाता जागरूकता पर विस्तार से बातचीत की गई और प्रत्येक छात्र को यह टारगेट दिया गया कि वह अपने परिवार और पड़ोसियों को मतदाता सूची में नाम दर्ज करने के लिए प्रेरित करेंगे।

प्राचार्य लखन लाल असाटी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि 17-18 वर्ष की उम्र पूरी कर चुके सभी विद्यार्थियों युवाओं के नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए अपने बीएलओ से संपर्क करना है जिससे कि वह मतदाता सूची में नाम दर्ज कराकर आगामी विधानसभा में मताधिकार का प्रयोग कर सके। इस दौरान समूह भोज का आयोजन भी किया गया छात्रों के साथ-साथ शिक्षकों ने भी अपनी ओर से भोजन सामग्री लाकर सभी के साथ भोजन किया। इस तरह से भोजन के पीछे की अवधारणा भी स्पष्ट की गई कि विद्यालय में पढ़ रहे सभी विद्यार्थी और शिक्षक अब एक ही परिवार के सदस्य हैं इसलिए सबका लक्ष्य भी एक ही है और उसे पाने के लिए सभी को सम्मिलित रूप से प्रयास करना है अध्यनरत विद्यार्थी देश के श्रेष्ठ नागरिक बन सकें जीवन में श्रेष्ठता साबित कर सकें, शिक्षक राजीव रमन पटेरिया, श्रीपाल अहिरवार, अभय जैन, कृष्ण कुमार तिवारी, शरद कुमार नामदेव, सुरेश अहिरवार, कुंवर सिंह केवट, ज्योति व्यास, आस्था द्विवेदी आदि ने सक्रिय सहभागिता की।

सागर, गुरूवार 24 अगस्त 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## चन्द्रयान-3 : बना रहे साइंटिफिक टेम्परामेंट

ब्रह्मांड के सबसे खूबसूरत तथा अब तक ज्ञात एकमात्र मानवीय बस्ती वाले ग्रह अर्थात धरती से अपने सबसे नज़दीक के खगोलीय पड़ोसी चन्द्रमा को लक्षित कर 14 जुलाई को दागे गये चन्द्रयान-3 ने आखिरकार बुधवार की शाम अपनी यात्रा के 42वें दिन शाम 5 बजकर 45 मिनट पर लैंडिंग की प्रक्रिया प्रारम्भ की। ठीक 6 बजकर 4 मिनट पर करोड़ों देशवासियों का सपना पूरा करते हुए उसके लैंडर ने चांद के सतह को छू लिया। उस वक्त वहां सुबह थी।

वैसे तो चन्द्रयान-3 ने पृथ्वी के उपग्रह या चांद कहे जाने वाले इस उपग्रह की ओर बढ़ते हुए प्रारम्भिक चरण से ही सफलता के संदेश दे दिये थे क्योंकि उसके सारे उपकरण एवं सारी प्रणालियां बिलकुल ठीक काम कर रही थीं। पुराने अनुभवों से समृद्ध हुए और पिछली खामियों से सबक लेते हुए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान केन्द्र (इसरो) की प्रतिभा व ज्ञान के प्रतीक चन्द्रयान-3 ने अपनी इस कामयाबी से आधुनिक भारत के निर्माताओं की दूरदर्शिता एवं वैज्ञानिक सोच का फिर से लोहा भी मनवाया है। करीब साढ़े चार अरब वर्ष पहले पृथ्वी से मंगल गृह के आकार के एक बड़े ग्रह के टकराने से, जिसे खगोल वैज्ञानिकों ने 'थिया' नाम दिया है, पृथ्वी से बड़ी मात्रा में मैटर पिघलकर द्रव्य के रूप में अंतरिक्ष में फैल गया। आपस में जुड़ते और गुरुत्वाकर्षण के कारण करोड़ों वर्षों तक पृथ्वी की लगातार परिक्रमा करते हुए पृथ्वी के उस साथी उपग्रह का निर्माण हुआ जिसे आज हम चांद या चंद्रमा के नाम से जानते हैं और जो एक ओर तो विविध कला-विधाओं में रुचि रखने वालों के लिए कभी प्रेरणा तो कभी उपमा या कभी अलंकार के रूप में काम करता है। दूसरी तरफ़ वह खगोल वैज्ञानिकों व भौतिकशास्त्रियों के लिये जीवन व अनेक जटिल सिद्धातों को हल करने का जरिया भी है।

पृथ्वी से अन्य किसी भी खगोलीय पिंड के मुकाबले इसकी दूरी सबसे कम है- केवल 3,84,400 किलोमीटर। इसका व्यास पृथ्वी का एक चौथाई है और पृथ्वीवासियों के लिये आसमान में सूर्य के बाद यह सबसे चमकदार निकाय है- बावजूद इसके कि उसकी खुद की रोशनी नहीं है और वह सूर्य की रोशनी के परावर्तित होने से हमें दिखता है। उस पर दिखने वाले असंख्य दाग दरअसल उसकी सतह से लाखों उल्का पिंडों के टकराने से बने हैं जिसने बड़े गड्ढों का निर्माण तो किया ही है, उसे काफी हद तक गोलाकार बनने में मदद भी मिली है। पृथ्वी का यह एकमात्र उपग्रह (चांद) बेहद ठंडा है और उसका गुरुत्वाकर्षण बहुत कम है। यहां वायुमंडल अनुपस्थित है और पृथ्वीवासियों को इसका बहुत कम हिस्सा दिखलाई पड़ता है। चांद का दक्षिणी हिस्सा कभी भी सूर्य के सामने न आने से वहां और भी ज्यादा ठंड है। यहां तापमान -203 से -243 डिग्री सेल्सियस तक होता है। वैसे वैज्ञानिकों का मानना है कि वहां बड़ी मात्रा में ठोस रूप में पानी मौजूद है। अब तक जितने भी मून मिशन में गये हैं वे सारे उन हिस्सों पर उतरे हैं जो सूर्य के सामने होते हैं लेकिन चन्द्रयान-3 दक्षिणी हिस्से में उतरा है। यह भारतीय वैज्ञानिकों की विशेष उपलब्धि है।

ऐसे अनेक कारणों से चन्द्रमा एवं चन्द्रयान-3 लोगों की उत्सुकता का कारण रहा है और हर व्यक्ति इसके बारे में ज्यादा से ज्यादा जानना चाहता है। पृथ्वी के साथ ही सम्पूर्ण ब्रह्मांड की रचना के कारकों और भविष्य को जानने का मानव के लिये सबसे नज़दीक का जरिया चंद्रमा ही है। पृथ्वी पर जीवन की शुरुआत की जानकारी से लेकर भविष्य में पृथ्वीवासियों के लिये वैकल्पिक मानव बस्तियों की सम्भावना टटोलने तक के लिये खगोलशास्त्री व वैज्ञानिक लम्बे समय से चांद को निहारते रहे हैं। इसके बारे में वैज्ञानिक समझ ज्ञान का पैमाना रहा है। इस मिशन का बड़ा महत्व इस लिहाज से भी है कि इस सफलता ने भारत को अमेरिका, रूस और चीन जैसे गिनती के देशों की श्रेणी में बैठाया है। इसका श्रेय निसंदेह भारत के सार्वजनिक उपक्रमों के सिरमौर कहे जाने वाले इसरो के वैज्ञानिकों को जाता है। उनकी कड़ी मेहनत, ज्ञानार्जन की उत्कंठा, मेधा और चेतना ने सभी भारतीयों को आज यह महान उपलब्धि दिलाई है।

इस मिशन के बारे में आगे भी खूब चर्चा होती रहेगी और सम्भव है कि इसका श्रेय लेने की छीना-झपटी भी हो, परन्तु यह ऐसा अवसर है जब हमें अपने राष्ट्रीय चरित्र से उस गुम होते फिनोमेना को पुनर्जाग्रत करने का संकल्प लेना होगा जिसका उल्लेख भारतीय संविधान में 'साइंटिफिक टेम्परामेंट' के नाम से जाना जाता है और देश में इसे निर्मित करना सरकार का दायित्व माना गया है। आधुनिक भारत के निर्माता व प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने केवल यह शब्द (साइंटिफिक टेम्परामेंट) ही नहीं दिया बल्कि इस भावना के अनुकूल समाज बनाने में इसरो जैसी संस्थाएं दीं एवं डॉ. विक्रम साराभाई, सतीश धवन आदि से लेकर एपीजे अब्दुल कलाम जैसे राकेट वैज्ञानिकों को निखरने एवं उन्हें अपनी प्रतिभा के श्रेष्ठ प्रदर्शन करने का माहौल दिया। देश की इस वैज्ञानिक चेतना की विरासत को बनाये रखने में सारी सरकारों ने मदद की लेकिन पिछले कुछ समय से विज्ञान की जगह आस्था और अंधविश्वास ने ली है तथा जिसे मौजूदा सरकार राजनैतिक कारणों से पूरा बढ़ावा दे रही है। यह दुर्भाग्यजनक और चिंताजनक दोनों ही है। इस मायने में चन्द्रयान-3 एक बेहद कठिन टास्क माना जा सकता है कि ऐसे वक्त में जब देश के छात्रों व युवाओं की रुचि विज्ञान में लगातार घट रही है, नाले की गैस से चाय बनाने व पकौड़े तलने, ताली-थाली बजाकर व मोमबत्तियां जलाकर कोरोना भगाने, बादलों में छिपकर रडार को चकमा देने और टर्बाईन से पानी व ऑक्सीजन को अलग करने वाले वैज्ञानिकों का बोलबाला हो, प्रयोगशालाएं सूनी हो रही हों और दुनिया के सारे रहस्यों को सुलझाने के सिद्धांत पुरानी किताबों में पाये जा रहे हों- यह उपलब्धि कई गुना बढ़कर महसूस की जानी चाहिये।

# एक आंसू भी हुकूमत के लिए ख़तरा है

**दुनियादारी**

■ सर्वमित्रा सुरजन

मुझे नहीं मालूम कि अरनाज़ बानो के दिल में इस वक्त किस तरह के ख्याल आ रहे होंगे। उनके मां-बाप किस किस्म की हताशा और निराशा को महसूस कर रहे होंगे। लेकिन मुझे इतना पता है कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाले इस देश के मुखिया जब लालकिले पर चढ़कर, नयी पगड़ी पहने ये घमंड भरा ऐलान कर रहे थे कि अगले साल भी मैं ही आऊंगा, उस वक्त उनके गृहराज्य गुजरात की एक बेटी की आंखें आंसुओं से भरी हुई थीं, क्योंकि उसे उस उपलब्धि का सम्मान भी नहीं लेने दिया गया, जिसकी वो हकदार थी। उपलब्धियों का सुख क्या होता है, ये वही लोग समझ सकते हैं, जिन्होंने खुद कभी कुछ करके दिखाया हो। और इस मामले में मौजूदा निजाम एकदम कंगाल नजर आता है। अभी चांद की सतह छूने और चंदा मामा को धरती की राखी भेजने पर जो थाली-ताली पीटी जा रही है, उसकी नींव भी नेहरूजी के जमाने में ही तैयार हुई थी। संयोग है कि विक्रम साराभाई भी गुजरात के ही थे। जहां उन्होंने भारत के लिए अंतरिक्ष को छूने वाले बड़े सपने देखे और उन सपनों को सच करने का रास्ता नेहरूजी ने तैयार किया। कल्पना कीजिए कि आज के जमाने में अगर साराभाई प्रस्ताव रखते कि हमें अंतरिक्ष कार्यक्रमों को आगे बढ़ाना है, तकनीकी के सहारे शिक्षा को दूर-दराज के गांवों तक पहुंचाना है, किसानों को शिक्षित करना है, कपड़ा बनाने वाले बुनकरों को आधुनिक तकनीकी का ज्ञान देकर समृद्ध बनाना है और ये सब सरकार के अंतर्गत करना है, तो क्या विक्रम साराभाई को सरकार का सहयोग मिलता। मेरे ख्याल से तो नहीं मिलता, क्योंकि आज जो व्यक्ति की शिक्षा की बात करे, शिक्षित राजनेताओं की बात करे, उसे नौकरी से निकाल दिया जाता है। किसानों के हक में आवाज उठाने वालों को आतंकवादी कहा जाता है। बुनकरों के विकास से ज्यादा जरूरी उद्योगपति मित्रों का विकास जरूरी माना जाता है। इसलिए विक्रम साराभाई और होमी जहांगीर भाभा जैसे वैज्ञानिकों के सपने शुरुआत में ही रौंद दिए जाते और उन्हें सलाह मिलती कि वेदों में विज्ञान से विकास का रास्ता तलाशें।

खैर भाजपा स्वतंत्रता के वक्त नहीं थी, न ही दक्षिणपंथी विचारकों ने कभी आजाद भारत में विकास के सपने देखे। उनका बस चलता तो वे भारत को मध्ययुग की गुफाओं में ही भटकाते रहते। दो उदाहरणों से ये बात समझ आ जाएगी। 1938 में 'वी एंड आवर नेशनहुड डिफाइंड' में गोलवलकर लिखते हैं-'नस्ल और उसकी संस्कृति की शुद्धता बनाए रखने के लिए जर्मनी ने अपने देश को सेमिटिक नस्लों-यहूदियों से मुक्त करके दुनिया को चौंका दिया...जर्मनी ने यह भी दिखाया है कि भिन्न नस्लों और संस्कृतियों के लिए एक संपूर्णता में समाहित हो पाना कितना असंभव है। हिंदुस्तान में हमारे लिए सीखने और लाभ उठाने के लिए यह एक अच्छा सबक है।'

यानी गोलवलकर भारत को हिटलर वाली जर्मनी के रास्ते पर भेजने के लिए तैयार थे। जर्मनी में नस्लीय शुद्धता के नाम पर हुए नरसंहार से वे हिंदुस्तान को प्रेरणा लेने कहते हैं। जबकि इसी दौरान 1938 में राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी, इलाहाबाद में व्याख्यान देते हुए नेहरू कहते हैं- हमारी समस्याएं बहुत बड़ी हैं। इन्हें अकेले राजनेता हल नहीं कर पाएंगे, क्योंकि हो सकता है कि उनके पास वैज्ञानिक विशेषज्ञता और दूरदृष्टि न हो; उन्हें अकेले वैज्ञानिक भी हल नहीं कर पाएंगे, क्योंकि उनके पास राजनीतिक शक्ति और व्यापक सामाजिक दृष्टिकोण नहीं होगा जो हर चीज को अपने दायरे में ले लेता है। वे समस्याएं विज्ञान और राजनीति इन दोनों के सहयोग से ही हल हो सकती हैं और होंगी।

> **15 अगस्त को जब प्रधानमंत्री मोदी लालकिले पर न केवल अपनी वापसी का ऐलान कर रहे थे, बल्कि अमृतकाल की उपलब्धियों को गिना रहे थे, उसी समय गुजरात के मेहराणा के एक छोटे से गांव लुनावा के एक स्कूल में एक दसवीं कक्षा में पहले नंबर पर आने वाली बच्ची को केवल इसलिए पुरस्कृत नहीं किया गया, क्योंकि वो मुस्लिम थी।**

दोनों विचारों में कितना फर्क है। कहां नेहरूजी वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देश की समस्याओं का हल तलाश रहे थे और कहां गोलवलकर नरसंहार की वकालत कर रहे थे। इतिहास के पन्नों को पलटें तो ऐसे अनेक दृष्टांत मिल जाएंगे। लेकिन आज हजार साल बाद के भारत की बात करके मोदी सरकार देश के असली इतिहास से जनता का ध्यान भटका रही है। आज भारत गोलवलकर जैसी सोच रखने वालों की तर्ज पर ही चलाया जा रहा है। आजादी के बाद जो व्यवस्थाएं तत्कालीन सरकारों ने बनाईं और जो व्यवस्था 2014 तक सुचारू चलती रही, उस वजह से अभी भारत में हालात काफी हद तक संभले हुए हैं, लेकिन सवाल यही है कि कब तक हम खैर मनाएंगे। बारुद के ढेर पर बैठे रहने पर विस्फोट का खतरा बना ही रहता है। फिलहाल उसकी चिंगारियां देश में जगह-जगह दिख रही हैं। मणिपुर, हरियाणा इन चिंगारियों की भेंट चढ़ चुके हैं। गुजरात ने 2002 में यह सब भुगत लिया है। और अब वहां हिंदू-मुस्लिम खाई इतनी गहरी बन चुकी है कि इसमें मासूमों को भी नहीं बख्शा जा रहा है।

15 अगस्त को जब प्रधानमंत्री मोदी लालकिले पर न केवल अपनी वापसी का ऐलान कर रहे थे, बल्कि अमृतकाल की उपलब्धियों को गिना रहे थे, उसी समय गुजरात के मेहराणा के एक छोटे से गांव लुनावा के एक स्कूल में एक दसवीं कक्षा में पहले नंबर पर आने वाली बच्ची को केवल इसलिए पुरस्कृत नहीं किया गया, क्योंकि वो मुस्लिम थी। अरनाज़ बानो सिपाही 15 अगस्त के जलसे में इंतजार करती रही कि उसका नाम पुकारा जाएगा और उसे सम्मानित किया जाएगा, क्योंकि स्कूल में 10वीं और 12वीं में पहले स्थान पर आने वाले बच्चों को सम्मानित किया जा रहा था। लेकिन अरनाज़ का नाम लिया ही नहीं गया और दूसरे स्थान पर आने वाली बच्ची को सम्मानित किया गया आत्मसम्मान पर लगी इस गहरी ठेस को लिए अरनाज़ जब रोते हुए घर पहुंची तो उसके पिता सरवर खान ने स्कूल के प्रिंसिपल अनिल पटेल और संचालक बिपिन पटेल से इस बात की शिकायत की कि मेरी बच्ची पहले नम्बर पर पास हुई थी फिर भी आपने उसका नाम रद्द क्यों किया, जिस पर स्कूल के प्रिंसिपल और संचालक की तरफ से गोल-मोल जवाब मिले कि अरनाज़ बानो को एक नहीं 10 इनाम 26 जनवरी 2024 को हम देंगे। इस पर सनवर खान ने कहा हमको इनाम नहीं चाहिए लेकिन अगर मेरी बेटी का सम्मान होता तो हमें गौरव होता।'

अरनाज़ ने 10वीं में 87 प्रतिशत के साथ पहला स्थान हासिल किया था, लेकिन शायद उस बच्ची की धार्मिक पहचान उसकी शैक्षणिक योग्यता पर भारी पड़ गई। अरनाज़ के पिता अब इस मसले पर ज्यादा कुछ नहीं कहना चाहते, क्योंकि उन्हें 2024 के चुनावों में बनने वाले माहौल का अहसास है। सवाल ये है कि मोदी सरकार ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास नारा देने के साथ ऐसा माहौल क्यों नहीं बनाया कि कोई पिता अपनी बच्ची की उपलब्धि के बावजूद लाचार महसूस न कर सके। इस घटना के बाद अब अरनाज़ भी डरी हुई है कि अब वह स्कूल कैसे जाए। उसे आगे पढ़ना है, मगर भेदभाव ने उसके अबोध मन पर गहरा निशान छोड़ दिया है। इस मामले में भेदभाव के आरोप से स्कूल ने साफ इंकार कर दिया है। स्कूल प्रशासन का कहना है कि हमारा स्कूल किसी भी प्रकार के भेदभाव के खिलाफ सख्त नीति रखता है। निश्चिंत रहें, योग्य छात्रा को 26 जनवरी को उसका इनाम मिलेगा, यह उल्लेखनीय है कि वह निर्धारित दिन पर अनुपस्थित थी, जिससे इनाम देने में बाधा उत्पन्न हुई।' यानी स्कूल रिकार्ड में अरनाज़ 15 तारीख को उपस्थित ही नहीं हुई थी। यह चीन पर मोदीजी के दिए गए बयान जैसा ही है। न कोई आया है, न कोई घुसा है। तो फिर किसी को लाल आंखें दिखाने या नाम लेकर चेतावनी देने का मतलब ही नहीं है।

लेकिन धुआं उठा है, तो जाहिर है कहीं न कहीं चिंगारी जरूर लगी है। शिक्षा, विज्ञान, मेलजोल की संस्कृति, धार्मिक सहिष्णुता, इन सबको भारत के रजिस्टर से गैरहाजिर बता कर कुछ सालों का सत्ता सुख तो हासिल किया जा सकता है, मगर इससे एक-दो नहीं, लाखों-करोड़ों आंखों में आंसुओं का सैलाब आएगा, इस सैलाब में कौन, कैसे बहेगा, ये भी इतिहास में दर्ज हो ही जाएगा।

मुनव्वर राना ने लिखा है-
एक आंसू भी हुकूमत के लिए ख़तरा है,
तुम ने देखा नहीं आंखों का समुंदर होना।।

# परिसीमन से असम के प्रमुख समुदाय और जातीय समूह हैं परेशान

■ आशीष विश्वास

असम में विवादास्पद और अंततः अनिर्णायक एनआरसी ऑपरेशन की तरह, चुनाव आयोग द्वारा किये गये विधानसभा और लोकसभा सीटों के परिसीमन ने भी मौजूदा जातीय विभाजन को गहरा कर दिया है, जिससे राज्य में ताजा राजनीतिक तनाव पैदा हो गया है।

अब जबकि चुनाव आयोग के परिसीमन प्रस्तावों को राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई है, तो केवल सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ही 140 लोकसभा एवं विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के क्षेत्रीय पुनर्निर्धारण से खुश दिख रही है। राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत विस्वा शर्मा, जो पूर्व कांग्रेसी से भाजपा के वर्तमान कट्टरपंथी बने, चुनाव आयोग की इस पहल के सक्रिय समर्थक रहे हैं।

भाजपा द्वारा संचालित प्रशासन का उद्देश्य, जैसा कि प्रत्यक्ष रूप से और अन्यथा भी स्वीकार किया गया है, स्पष्ट रूप से असमिया हितों और आकांक्षाओं-स्थानीय बोलचाल में भूमिपुत्र- का प्रतिनिधित्व करने वाली पार्टियों के लिए दोनों सदनों में एक आरामदायक बहुमत सुनिश्चित करना था।

> **निर्वाचन क्षेत्रों की भौतिक सीमाओं को भी काफी हद तक बदल दिया गया है, जिसका स्पष्ट इरादा संख्या के मामले में एक विशेष समुदाय या समूह को दूसरों पर हावी करना है! नकारात्मक रूप से प्रभावित समूहों ने पहले ही ऐसे 'राजनीति से प्रेरित परिवर्तनों' को प्रायोजित करने के लिए चुनाव आयोग और राज्य सरकार की कड़ी आलोचना की है।**

विभिन्न पक्षों द्वारा जारी किये गये बयानों या इस मुद्दे पर रिपोर्टों और विश्लेषणों को बड़ी संख्या में स्पष्ट किया गया है कि यह लक्ष्य पर्याप्त रूप से हासिल किया गया है। यह आरोप लगाया गया है कि इस प्रक्रिया में, ऊपरी असम में बोडो के साथ-साथ बराक घाटी में आदिवासियों और बड़ी संख्या में बंगालीभाषी हिंदुओं और मुसलमानों सहित प्रमुख जातीय समूहों के हितों और भावनाओं को नजरअंदाज कर दिया गया है। बराक घाटी के तीन जिलों में प्रस्तावित बदलावों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन और बंद हुए हैं, जबकि जन संगठनों और समूहों ने राहत के लिए सर्वोच्च न्यायालय का भी दरवाजा खटखटाया है।

कोकराझार के पूर्व सांसद, बोडो नेता श्री संसुमाखुंगर बिस्मुटियारी ने भी परिसीमन प्रस्तावों का विरोध किया है और जरूरत पड़ने पर शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाने की योजना की घोषणा की है। उन्होंने आरोप लगाया कि आदिवासियों को बुरी तरह निराश किया गया है।

विधानसभा और संसदीय सीटों के पुनर्सरेखण ने उनके जनसांख्यिकीय चरित्र को एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में काफी हद तक बदल दिया है : जमीनी स्तर की रिपोर्टों के अनुसार, कुछ स्थानों पर 4,00,000 से अधिक मतदाताओं वाले निर्वाचन क्षेत्र हैं, जबकि अधिकांश सीटों पर यह संख्या 1,20,000 के आसपास ही होगी।

निर्वाचन क्षेत्रों की भौतिक सीमाओं को भी काफी हद तक बदल दिया गया है, जिसका स्पष्ट इरादा संख्या के मामले में एक विशेष समुदाय या समूह को दूसरों पर हावी करना है! नकारात्मक रूप से प्रभावित समूहों ने पहले ही ऐसे 'राजनीति से प्रेरित परिवर्तनों' को प्रायोजित करने के लिए चुनाव आयोग और राज्य सरकार की कड़ी आलोचना की है।

चुनाव आयोग ने पार्टियों और समूहों के लिए विशेष सुनवाई की व्यवस्था की, लेकिन अपनाई गई प्रक्रियाओं से अधिकांश पार्टियों का मोहभंग हो गया। उदाहरण के लिए, बराक घाटी के प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि उनके पास सैकड़ों शिकायतें थीं, लेकिन उन्हें अपना मामला पेश करने के लिए 30 मिनट से थोड़ा ही अधिक समय मिला। इसी तरह के विचार छोटे आदिवासी समुदायों से भी आए।

ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) का प्रतिनिधित्व करने वाले सांसद अल्पसंख्यक नेता बदरुद्दीन अजमल ने पहले आरोप लगाया था कि चुनाव आयोग की सिफारिशों ने एक समुदाय के रूप में मुसलमानों को स्पष्ट रूप से लक्षित किया है। प्रावधानों ने मुसलमानों को पहले की तुलना में छोटे मतदान समुदायों के रूप में छोड़ने के लिए निर्वाचन क्षेत्र की सीमाओं को फिर से निर्धारित करने के नाम पर तबाही मचाई। उन्होंने इस तरह के युद्धाभ्यास के खिलाफ अदालत जाने की धमकी दी।

बांग्ला भाषी बराक डेमोक्रेटिक फ्रंट (बीडीएफ) के नेता, जो पहले ही शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटा चुके हैं, ने आरोप लगाया कि तीन जिलों में विधानसभा सीटों की संख्या 15 से घटाकर 13 कर दी गई है।

फिर बिस्मुटियरी ने यह भी आरोप लगाया कि जनजातियों के लिए आरक्षित सीटों की संख्या 15 से घटाकर केवल 6 कर दी गयी है। संबंधित राजनीतिक दलों और अन्य हितधारकों के साथ बिना किसी पूर्व चर्चा के उठाया गया ऐसा कदम न केवल आदिवासियों के साथ भेदभाव करता है बल्कि इसने केंद्र और विभिन्न राज्यों से संविधान-प्रदत्त उनके कई बुनियादी अधिकारों को छीन लिया तथा एक अनुसूचित, संरक्षित समूह के रूप में उनकी कानूनी रूप से परिभाषित स्थिति का उल्लंघन किया।

मुख्यमंत्री के रूप में श्री शर्मा ने प्रस्तावित परिवर्तनों का जोरदार बचाव किया, यह दावा करते हुए कि वे 'भूमिपुत्रों' के हितों और स्थिति की रक्षा करना चाहते थे, जिनका भविष्य हाल के वर्षों में बांग्लादेश से अवैध प्रवासन के कारण खतरे में आ गया था। जनजातीय हितों को भी ध्यान में रखा गया था और वास्तव में किसी के पास शिकायत का कोई आधार नहीं है।

मोटे तौर पर, प्रस्तावित परिवर्तनों की सीमा क्या है और इसमें कितनी सीटें शामिल हैं?

प्रदेश भाजपा नेताओं की टिप्पणियों और खुलासों से एक तरह का जवाब मिल गया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री और नागांव से 4 बार के भाजपा सांसद, अनुभवी राजेनगोहेन द्वारा हाल ही में सत्तारूढ़ दल पर जोरदार हमला किया गया है। वर्तमान में वह असम के वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री हैं।

उनके 2024 में नागांव संसदीय सीट से चुनाव लड़ने की उम्मीद है, परन्तु उन्होंने कहा कि वह अब कभी नहीं जीत पायेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि परिसीमन प्रावधानों ने नागांव संसदीय की जनसांख्यिकीय प्रोफ़ाइल को पूरी तरह से बदल दिया है। इसे उन्होंने अपनी ही पार्टी भाजपा द्वारा एआईयूडीएफ को दिये गये सीधे उपहार के रूप में देखा।

उनके मंत्रिमंडलीय सहयोगियों जयंत मल्लाह बरुआ और पीयूष हजारिका ने उनके आरोप को खारिज कर दिया। जैसा कि असम स्थित विभिन्न मीडिया में व्यापक रूप से रिपोर्ट किया गया है, श्री बरुआ ने असम की 126 विधानसभा सीटों में से कम से कम 102 सीटों पर 'भूमिपुत्रों' के हितों की रक्षा सुनिश्चित करने के लिए चुनाव आयोग की सराहना की। यह पहले के समय से एक सुखद विरोधाभास होगा, जब आप्रवासियों के वोट 40/50 सीटों के चुनावी नतीजे तय करते थे। इसी प्रकार, 14 लोकसभा सीटों में से 11 में परिसीमन प्रावधानों द्वारा स्वदेशी समुदायों की स्थिति और भविष्य को प्रभावी ढंग से संरक्षित किया गया है।

जहां तक श्री गोहेन की शिकायतों का सवाल है, एक अनुभवी राजनेता के रूप में, जिन्हें लंबे राजनीतिक कॅरियर के दौरान पर्याप्त पुरस्कार मिला है, वह अब शालीनता से सेवानिवृत्त हो सकते हैं और भाजपा को राजनीतिक रूप से मदद कर सकते हैं।

इस पृष्ठभूमि को देखते हुए, यह रिपोर्ट जानकर कोई आश्चर्य नहीं हुआ कि बराक घाटी स्थित पार्टियों ने पारंपरिक रूप से उपेक्षित तीन जिलों में रहने वाले लोगों के लिए न्यूनतम सुरक्षा, संरक्षा और प्रगति सुनिश्चित करने के लिए एक अलग स्वायत्त 'पूर्वांचल' राज्य के लिए अपने नारे को पुनर्जीवित किया है। बीडीएफ नेताओं ने आरोप लगाया कि विशेष रूप से भाजपा के तहत, यह स्पष्ट हो गया है कि निचले असम में आम लोगों को राज्य प्रशासन से न्यूनतम न्याय भी नहीं मिलेगा।

## पावन प्रसंग

### पर्व त्योहारों का प्रयोजन

वर्ष में प्रायः चालीस पर्व पहले से ही है। उनमें से दस का निर्वाह तो उत्तम है, वे दस पर्व इस प्रकार हैं-बसंत पंचमी, शिवरात्रि, होली, राम नवमी, गायत्री जयंती, गुरु पूर्णिमा, श्रावणी, जन्माष्टमी, विजयादसमी, दीपावली-इन दस का विशेष महत्व है। अतः पर्वों को उत्साहपूर्वक मनाया जाना चाहिए। इन्हें जहां भावनापूर्वक मनाया जाता है, वहां सुसंस्कारिता की उमंगें उठती रहती हैं और सत्प्रवृत्तियां पनपती रहती हैं। जिनकी आवश्यकता प्रत्येक व्यक्ति व समाज के लिए अनिवार्यतः होती है। मनुष्य स्वभाव से ही अनुकरणशील प्राणी है। दूसरों को कोई शुभ काम करते देखकर उसके मन में भी वैसा ही करने की इच्छा स्वतः ही उत्पन्न होती है। यही मूल कारण है कि सामूहिक आयोजनों के रूप में पर्वो का प्रचलन शुरु हुआ। समाज के ढांचे को सुव्यवस्थित बनाए रखने में पर्वों ने बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

धर्मधारणा एवं आस्तिकता के भावों की वृद्धि के साथ ही धार्मिक और सामाजिक त्योहारों का एक प्रमुख उद्देश्य सामूहिकता की वृद्धि करना है। मानव जीवन की सफलता के लिए जैसे व्यक्तिगत उन्नति और सत्प्रवृत्तियों को ग्रहण करने की आवश्यकता है, वहीं समाज संगठन को सुदृढ़ बनाना और पारस्परिक सहयोग के द्वारा सामाजिक हित की बड़ी योजनाओं की पूर्ति करना भी अत्यावश्यक है। इसके लिए लोगों में पारस्परिक एकता, भाईचारे की मनोवृत्ति का उत्पन्न होना आवश्यक है। हमारे यहां होली, दीपावली, गंगा दशहरा आदि के जो त्योहार और पर्व नियत किए गए हैं, उनका विशेष उद्देश्य यही है कि लोग परस्पर प्रेमपूर्वक मिलें और सामूहिकता की भावना को सुदृढ़ बनाएं।

जो त्योहार या उत्सव किसी प्राचीन महापुरुष या अवतार की जयंती के रूप में मनाए जाते हैं, उनका एक बहुत बड़ा लाभ यह होता है कि जनता को उनके द्वारा सच्चरित्रता, नैतिकता, सेवा, सद्भावना आदि की शिक्षा देशों में मनाए जाते हैं और इस बात का ध्यान रखा जाता है कि जन साधारण अपने उन महान पूर्वजों के चरित्रों से उच्चकोटि के सद्गुणों की प्रेरणा प्राप्त करें। वास्तव में जिस समुदाय में ऐसे महापुरुषों का अभाव है, वह उन्नति की आशा नहीं रख सकता, क्योंकि साधारण मनुष्य के लिए बिना किसी मार्गदर्शन अथवा प्रकाश स्तंभ के संसार में सफलतापूर्वक अग्रसर हो सकना संभव नहीं है। यही कारण है कि उन्नति की कामना रखने वाली जातियां अपने पूर्व पुरुषों के चरित्रों और महान कार्यों को गौरव के साथ याद करती है। उदाहरण के लिए यूरोप में फ्रांस और एशिया में जापान का उल्लेख कर सकते हैं। ये दोनों देश अपेक्षाकृत छोटे होने पर भी वीर पूजा के गुण के कारण ही संसार की राष्ट्र मंडली में अग्रगण्य बन गए।

ज्ञान अकेला अपूर्ण और अधूरा है कर्म कुशलता के अभाव में कथनी और करनी में अंतर आने लगता है। श्रावणी पर्व अपने ज्ञान को, कर्म की शक्ति को सृजन की प्रेरणा देने वाला पर्व है। हमारा ज्ञान वाणी से नहीं, आचरण से व्यक्त हो। हमारी शक्ति किसी को दबाने/झुकाने या निरर्थक कार्यों में नहीं, सृजन में लगे। श्रावणी पर्व की पृष्ठभूमि में जो पौरामिक कथा है, विष्णु की नाभि से कमल नाल का निकलना और उसमें से ब्रह्मा का अवतरण होना तथा सृष्टि का निर्माण करना, वही अर्थ है और उसमें हमें सृजन की, निर्माण की ही प्रेरणा लेनी चाहिए।

श्रावणी पर्व में प्रधान रूप से ध्यान देने योग्य दो तथ्य हैं। शिखा परिष्कृत विचारणा,, आदर्शवादी आस्था, उत्कृष्ट जीवन नीति का प्रतीक है। राष्ट्र ध्वज को सर्वोपरि सम्मान दिया जाता है और उसी से यह जाना भी जा सकता है कि वह आदर्शों का अनुयायी है। मानवीय मस्तिष्क पर लहराने वाली शिखा-ध्वजा उसके लिए सर्वोपरि है।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

### राष्ट्रीय राजनीतिक सामाजिक परिवेश में बदलाव का दौर

उत्तरप्रदेश में योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद यूपी सहित देश में बदलाव का दौर दिखाई दे रहा है। उत्तरप्रदेश एक जंगलराज के नाम से जाना जाता था। योगी आदित्यनाथ के रूप में यूपी को एक आइकॉन मिल गया। सन्यासी को सिंहासन पहली बार नहीं मिला है। ऐसा भी नहीं है और न ही भाजपा ने यह करतब पहली बार किया है। इसके पहले भगवाधारी साध्वी उमा भारती मध्यप्रदेश की मुख्यमंत्री रह चुकी हैं। गोरखपुर में योगी जनता दर्शन दरबार लगाकर जन समस्याओं पर ध्यान देकर अधिकारियों को निर्देश देना वे अपना धर्म समझते हैं। योगी का निर्णय सटीक रहता है। वे जल्दबाजी में कोई निर्णय करना नहीं चाहते हैं। उत्तरप्रदेश में योगी आदित्यनाथ ने एक भयरहित शासन दिया है। रोड रोमियो को अपनी जगह बताने वाले योगी सुरक्षा की दृष्टि से बेहतर काम कर रहे हैं। महिला सुरक्षा, भ्रष्टाचार, शोषण वृति, दुष्कर्म और धर्मांतरण जैसे दूषण पर सख्ती बरत रहे हैं। योगी का अपना कद है। कानून व्यवस्था की बात पर कभी कोई समझौता नहीं करने वाले योगी ने हमेशा अपराध जगत से जुड़े मवालियों को सुधरने का मौका दिया है। वे छवि को बनाए रखने में मेहनत करते हैं। उत्तरप्रदेश की जीडीपी की बात करें तो आर्थिक स्वावलंबन में देश के दूसरे पायदान पर है। मोदी के राजनीतिक उत्तराधिकारी मिल गए हैं। पार्टी खांटी हिंदुत्ववादी छवि वाले आक्रामक शैली में भाषण देने वाले योगी की शैली आज भी पूर्ववर्ती ही है। गोरक्षपीठाधीश्वर योगी ने महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई हैं। लोकसभा चुनाव में योगी आदित्यनाथ की भूमिका अहम रहेगी। जिस तरह योगी ने समन्वय स्थापित कर उत्तरप्रदेश में जनता का दिल जीत लिया है। वह काबिलेतारीफ है। दस साल में देश में कोई सांप्रदायिक घटना नहीं होने पर भाजपा और मोदी पर लोगों का पूरा भरोसा हो गया है। योगी के सामने चुनौतियां थीं तो यूपी में कठोर निर्णय लेने पर मजबूर किया गया। अब उत्तरप्रदेश में शांति और भाईचारा है। बहन, बिटिया सुरक्षित हैं। उपद्रवियों को अपना ठौर मिल गया है। योगी की छवि ईमानदार व्यक्ति की रही है। पूरे सूबे को परिवार मानने वाले और अपने परिवार को राज्य से अलग दृष्टि से नहीं देखने वाले विरले ही होते हैं। उनके सांसारिक परिवार में एक बहन चाय बेचकर गुजारा करती थी, लेकिन राजधर्म का पालन करने वाले योगी ने परिवारधर्म को पीछे छोड़ दिया। गोरखपुर में जनता दर्शन कार्यक्रम में हर एक व्यक्ति की समस्या सुनकर उनके अधिकारों के तहत अधिकारियों को निर्देश देते हैं और उनके स्तर पर कार्य पूर्ण करवाते हैं। त्वरित निस्तारण को प्राथमिकता देने वाले मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। दो सौ लोगों की शिकायत हर जनता दर्शन में सुनते हैं। उनका निस्तारण भी हाथों हाथ करवाते हैं।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

## 113 विद्यार्थियों को मिला लाभ


# टॉपर छात्र-छात्राओं को खनिज साधन मंत्री ने सौंपी स्कूटी की चाबी



**पन्ना, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री स्कूटी योजना अंतर्गत आज स्थानीय टाउन हॉल में पन्ना जिले के 60 शासकीय उमा विद्यालय के 113 विद्यार्थियों को ई-एम स्कूटी का वितरण किया गया। मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने कक्षा 12वीं के टॉपर विद्यार्थियों का सम्मान कर स्कूटी की चाबी सौंपी। 55 छात्र और 58 छात्राओं को स्कूटी की राशि बैंक खाते में पूर्व में अंतरित की गई है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री श्री सिंह ने दीप प्रज्ज्वलन कर समारोह का शुभारंभ किया। उन्होंने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान के नेतृत्व में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए कई योजनाएं संचालित की गई हैं। इसी क्रम में माध्यमिक शिक्षा मंडल से संबद्ध शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल के कक्षा 12वीं में प्रथम स्थान अर्जित करने वाली छात्राओं सहित छात्रों को भी इस योजना का लाभ मिला है। इससे निश्चित ही विद्यार्थियों को प्रोत्साहन मिलेगा और अन्य विद्यार्थी भी प्रेरित होंगे। जिले के होनहार बच्चों ने एकेडमिक परीक्षाओं सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में भी सफ्लता अर्जित की है। यह परिवार व समाज के साथ-साथ जिले के लिए भी बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने आशा जताई की भविष्य में पन्ना एजुकेशन हब बनेगा। सफ्लता के लिए आत्मविश्वास, जुनून और लगन की आवश्यकता है। ग्रामीण परिवेश और गरीब परिवारों के विद्यार्थी भी अपनी मेहनत के बदौलत सफ्ल हुए हैं। इसमें सरकार की विद्यार्थी हितैषी योजनाओं का योगदान भी है। उन्होंने टॉपर विद्यार्थियों को स्कूटी मिलने पर बधाई देते हुए बेहतर तरीके से व यातायात नियमों का पालन कर स्कूटी ड्राईविंग तथा समय का सदुपयोग करने की सलाह दी। साथ ही उच्च शिक्षा के लिए गंभीरतापूर्वक पढ़ाई करने के लिए कहा।

नपाध्यक्ष मीना पाण्डेय, जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे और उपाध्यक्ष संतोष सिंह यादव ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। एडीपीसी रवि खरे ने संक्षिप्त प्रतिवेदन देते हुए बताया कि कुल एक करोड़ 6 लाख 41 हजार 88 रूपए की राशि विद्यार्थियों के बैंक खातों में दो किश्तों में अंतरित की गई थी। इस अवसर पर अन्य जनप्रतिनिधियों सहित जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय, संयुक्त संचालक लोक शिक्षण सागर एमके चढ़ार, जिला शिक्षा अधिकारी सूर्यभूषण मिश्रा, डीपीसी अजय गुप्ता तथा विष्णु पाण्डेय, मनीषा गोस्वामी, शशि परमार सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं व अभिभावक उपस्थित थे।

# देवेन्द्र नगर परिषद में बड़ा घोटाला, अध्यक्ष पति व ससुर के नाम निकाल ली आवास की राशि



**पन्ना, देशबन्धु।** जिले में भ्रष्टाचार तथा फर्जीवाडा शासन की योजनाओं में व्यापक स्तर पर चल रहा है। नियम कानून ताक पर रखकर मनमाने ढंग से शासन की राशि की राशि मे बंदर बाट लगातार की जा रही है। लोगो द्वारा शिकायते किये जाने के बावजूद कोई कार्यवाही नही हो रही है। जिससे भ्रष्टाचारियों के होसले बुलंद है, अधिकारी तथा निर्वाचित जन प्रतिनिधि मिलकर शासन की योजनाओं में किस प्रकार पलीता लगा रहे है इसका जीता जागता उदाहरण नगर परिषद देवेन्द्र नगर परिषद का प्रकाश में आया है। केन्द्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास के नाम पर नगर परिषद तथा नगर पालिकाओं को प्रत्येक हितग्राही के लिए ढाई लाख रूपये के मान से राशि जारी की जाती है। जिसका उद्देंश्य गरीब परिवार को रहने के लिए आवास का निर्माण हो सकें। लेकिन उक्त राशि वास्तविक पात्रो को न मिलकर अपात्रो को जारी कर दी जाती है। इसी प्रकार का मामला यह है कि देवेन्द्र नगर परिषद में अध्यक्ष पति ललित गुप्ता के नाम तथा ललित गुप्ता के पिता लखन लाल गुप्ता के नाम ढाई ढाई लाख रूपये की राशि स्वीकृत की गई है। इसके अलावा अन्य अपात्रो को भी पीएम आवास की राशि जारी की गई है। इसके साथ ही नगर परिषद मे अन्य सामग्री खरीदी मे भी व्याप्क स्तर पर घोटाला किया गया है। जिसमें लैपटाप, एसी तथा अन्य इलेक्ट्रॉनिक आइटम की खरीदी में भी घोटाला करने का मामला प्रकाश में आया है। नगर मे सीसी रोड, नाली निर्माण सहित अन्य कार्यो में भी व्याप्क स्तर पर फर्जीवाडा एवं घोटाला करने के मामले लगातार प्रकाश में आ रहें है।

### इनका कहना है

नगर परिषद देवेन्द्र नगर में लगातार विभिन्न निर्माण कार्यो एवं शासन की योजनाओं मे व्यापक स्तर पर फर्जीवाडा किया जा रहा है, मामले की जांच की जाये तो बडा भ्रष्टाचार उजागर हो सकता है।

**सोमप्रभा राणा, पूर्व अध्यक्ष** नगर परिषद देवेन्द्र नगर

# पूर्व विधायक श्रीकांत दुबे ने सागर में राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष से की मुलाकात



**पन्ना, देशबन्धु।** संभागीय मुख्यालय सागर में कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लकार्जुन खडगे की सभा आयोजित हुई। जिसकी तैयारियां पन्ना में भी कई दिनों से चल रहीं थीं। इस महत्वपूर्ण में पन्ना जिले से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व नेता शामिल हुए। सभा को सफल बनाने के लिए पूर्व विधायक श्रीकांत दुबे सैंकड़ों वाहनों के काफिले के साथ अपने समर्थक लेकर पहुंचे। पूर्व विधायक श्रीकांत दुबे ने कहा कि पार्टी के आदर्शों और मूल्यों के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। इस अवसर पर श्रीकांत दुबे ने कहा कि मल्लकार्जुन खडगे की सभा में आज हमने एक महत्वपूर्ण संदेश देने का एक मौका पाया है। हम सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर पार्टी के उद्देश्यों की प्राथमिकता देनी चाहिए और इस चुनौती से मुकाबला करने के लिए तैयार होना चाहिए। इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक श्रीकांत दुबे के साथ सैंकड़ों की संख्या में वाहनों की एक कतार भी देखी गई। श्रीकांत दुबे आगामी मप्र विधानसभा चुनाव में पन्ना विधानसभा से एक बार फिर टिकट के प्रबल दावेदार हैं। यही कारण है कि उनके नेतृत्व में बड़ी संख्या में समर्थक सागर पहुंचे। साथ गए सभी लोगों को श्रीकांत दुबे ने आभार जताया।

## नाग मणि के मामले को लेकर हत्या करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

**पन्ना, देशबन्धु।** शाहनगर पुलिस द्वारा नागमणि बेचने के मामले में हत्या करने वाले चार आरोपियो को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। विगत 19 अगस्त को फरियादी अनूप सिंह निवासी लखनऊ उत्तर प्रदेश द्वारा थाना शाहनगर में रिपोर्ट की गई कि कुछ व्यक्तियों द्वारा नाग मणि बेचने का लालच देकर पुरैना सुंगहरा जंगल में मेरे व मेरे दोस्त के साथ चाकू व डंडों से मारपीट की गई है। घटनास्थल पर फरियादी के दोस्त विकास पांडेय का शव मृत अवस्था में पाया गया है। जिस पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 170/23 हत्या का मामला कायम किया है। थाना प्रभारी शाहनगर उप निरीक्षक घनश्याम मिश्रा तथा उनकी टीम द्वारा मामले की जानकारी पुलिस अधिक्षक साई कृष्णा एस थोटा के निर्देश पर जांच प्रारंभ की, जिसमें चार आरोपियो को गिरफ्तार किया गया है। जिसमें चितवार सिंह पिता पर्वत सिंह बहेलिया उम्र 45 साल, अल्बक पिता तीरू बहेलिया उम्र 19 साल, रूबिया पिता राकेट बहेलिया उम्र 35 साल, इकबाल पिता चितावर बहेलिया उम्र 24 साल सभी निवासी खमतरा को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों ने अपना अपराध कबूल किया। आरोपियो के कब्जे से दो मोटर साईकिल तथा डेढ लाख रूपये तथा घटना में प्रयुक्त चाकू एवं अन्य हथियार बरामद किये। चारो आरोपियो को न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने आरोपियों को जेल भेज दिया।

# कलेक्टर ने की विभागीय कार्यों के क्रियान्वयन की समीक्षा



**पन्ना, देशबन्धु।** कलेक्टर हरजिंदर सिंह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य पालन एवं पशुपालन विभाग के कार्यों के क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान फसल बोवनी, खरीफवर्ष 2023-24 में बीज की मांग, उपलब्धता व वितरण की जानकारी ली। इस दौरान जिले की मांग अनुसार उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित करने, कृषि आदानों के सैम्पल कलेक्शन सहित कीटनाशक विक्रेताओं के संबंध में जानकारी ली। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना में लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि तथा एनएफएसएम योजना के प्राप्त आवंटन, व्यय की प्रगति की समीक्षा भी की। बैठक में उपस्थित सभी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारियों को मैदानी स्तर पर किसानों को कृषक हितैषी योजनाओं की जानकारी पहुंचाने के निर्देश भी दिए। बैठक के दौरान उद्यानिकी विभाग के अधिकारी को प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के तहत विशेषकर आंवला यूनिट के प्रकरण स्वीकृत कराने के निर्देश दिए।

इस दौरान उद्यानिकी फसलों के रकबा, उत्पादन, ब्रांडिंग, सरकारी नर्सरियों में उपलब्ध पौधे, विभिन्न उद्यानिकी योजनाओं की भौतिक व वित्तीय प्रगति के बारे में जानकारी ली। मत्स्य पालन विभाग अंतर्गत पीएम मत्स्य संपदा योजना, सीएम मछुआ समृद्धि योजना, मत्स्य पट्टों व मछुआ क्रेडिट कार्ड के वितरण की जानकारी लेकर नगर पालिका क्षेत्र में स्मार्ट फिश कॉर्नर की स्थापना तथा मत्स्य पालकों के प्रशिक्षण के संबंध में आवश्यक निर्देश भी दिए। पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उप संचालक को आचार्य विद्यासागर योजना सहित अन्य महत्वाकांक्षी योजनाओं में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित कर बैंक स्तर से नियमित रूप से समन्वय के निर्देश दिए। सड़क पर विचरण करने वाले आवारा पशुओं को अभियान चलाकर सड़क से हटाने की कार्ययोजना तैयार करने, पशु एम्बुलेंस की पशुपालकों तक आसानी से पहुंच सुनिश्चित करने तथा प्रचार प्रसार के संबंध में निर्देशित किया गया। 2019 में संपन्न हुई 20 वीं पशु संगणना, केसीसी, कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम, पशु बीमा सहित लम्बी स्किन डिसीज की रोकथाम तथा गौशालाओं की स्थिति व क्रियाकलापों के बारे में जानकारी ली गई। सभी अधिकारियों को आगामी 30 सितम्बर तक हितग्राहीमूलक योजनाओं में निर्धारित लक्ष्य अनुसार प्रगति के निर्देश देते हुए समय सीमा में लक्ष्यपूर्ति पर सम्मानित करने की बात भी कही।

## एलआईसी अभिकर्ता धीरेंद्र चौरसिया ने गैलेक्सी क्लब में क्वालीफाई किया

**पन्ना, देशबन्धु।** जिला में पहली बार भारतीय जीवन बीमा अभिकर्ता धीरेंद्र चौरसिया द्वारा गैलेक्सी क्लब क्वालीफाई किया एवं



भारतीय जीवन बीमा पन्ना की शाखा का नाम रोशन इनके द्वारा किया गया इस संबंध में 21 अगस्त को भोपाल जोनल ऑफिस में इंटरव्यू एवं सम्मान किया गया। पिछले वर्ष पन्ना जिला में पहली बार किसी अभिकर्ता द्वारा 2023 वर्ष में सतना डिविजन में जिसमें पन्ना, रीवा, छतरपुर, खजुराहो, टीकमगढ़, निवाड़ी आते हैं जिसमें एक मात्र अभिकर्ता जिन्होंने भारतीय जीवन बीमा के क्षेत्र में डबल यूएसए क्वालीफाई एमडीआरडी किया एवं भारतीय जीवन बीमा निगम के अंतरराष्ट्रीय सदस्य नियुक्त किए गए तथा इनके द्वारा इस वर्ष भी एमडीआरटी क्वालीफाई किया गया तथा इनके द्वारा पिछले वर्ष लगभग 7 करोड़ का बीमा धन तथा 73 लाख प्रथम प्रीमियम अर्जित करके एक रिकॉर्ड भी कायम किया। उनकी इस कामयाबी में इनके विकास अधिकारी सौरभ पांडे, पूर्व विकास अधिकारी शैलेंद्र सिंह चौहान, बीएम राजद्वार, पूर्व ब्रांच मैनेजर चंद्रशेखर त्रिपाठी एवं मोहन सिंह एवं समस्त पन्ना की प्रशासनिक टीम का विशेष योगदान रहा एवं सभी ने बधाई दी।


### कार्यालय नगर पालिका परिषद् छतरपुर म.प्र.

क्रमांक/8398/दु.रा.शा./न.पा.छ./2023-23 छतरपुर दिनांक 23.08.2023

सूचना

एदत् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि बस स्टेण्ड सर्किल क्रमांक 06 में स्थित निकाय स्वामित्व की दुकान क्रमांक 07 जो रमजान खान तनय सुबराती खान निवासी कुरयाना स्कूल के पीछे वार्ड नं. 05 छतरपुर म.प्र. के नाम से मासिक किरायेदारी पर आवंटित है। श्री रमजान खान का स्वर्गवास दिनांक 04.02.2022 को हो चुका है, उनकी विवाहिता पत्नी श्रीमती साबरा बेगम निवासी वार्ड नं. 5 महोबा रोड छतरपुर म.प्र. के द्वारा निकाय में आवेदन एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उपरोक्त दुकान क्रमांक 07 की किरायेदारी का वारसान नामांतरण अपने नाम किये जाने का अनुरोध निकाय में किया गया है। अतः उपरोक्त दुकान क्रमांक 07 से संबंधित अन्य वारसानों एवं अन्य किसी व्यक्तियों को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो दिनांक 07.09.2023 तक नगर पालिका छतरपुर की दुकान किराया शाखा में प्रस्तुत कर सकता है, निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

नोटः- आवेदक के व्यय पर प्रकाशित

**राजस्व प्रभारी, नगर पालिका परिषद छतरपुर**


# आंगनवाड़ी केंद्रों में "बचपन मनाओ" कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**नौगांव, देशबन्धु।** नौनिहाल के विकास एवं शिक्षा में बेहतर बनाने के लिए चयनित आदर्श आंगनवाड़ी केंद्रों का एक वर्ष पूर्ण होने पर कलेक्टर संदीप जी आर ने नौगांव शहर के वार्ड नम्बर 1 में संचालित आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। कलेक्टर संदीप जी आर ने केंद्र में आए बच्चों से उनकी पसंद के भोजन के बारे में पूछा तो वहीं आए अभिभावकों को बच्चों के समुचित विकास के लिए टिप्स भी दिए।

जिले की 50 आंगनवाड़ी केंद्रों में एक साथ "बचपन मनाओ" वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विगत एक वर्ष से जिले के चयनित 50 आंगनवाड़ी केंद्रों में की एजुकेशन फाउंडेशन बैंगलोर के सहयोग से आदर्श आंगनवाड़ी कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है, प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से विगत एक वर्ष से यह कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। एक वर्ष पूर्ण होने के उपरांत यह आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी आने वाले बच्चों के साथ साथ उनके अभिभावकों ने कार्यक्रम में सहभागिता की, इस मौके पर बच्चों एवम अभिभावकों हेतु विभिन्न गतिविधियों जैसे मिट्टी का खेल, पेंटिंग, वर्कबुक में रंग भरना, रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमे बच्चों के साथ उनके अभिभावकों ने भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और बच्चों ने पुरुष्कार जीते। कार्यक्रम का उद्देश्य था की समुदाय एवं अभिभावक जान सके की प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा 3 से 6 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों के लिए क्यों महत्वपूर्ण है, और यह किस तरह एक बच्चे के समग्र विकास में सहायक है तथा आंगनवाड़ी केंद्र किस तरह बच्चों के सीखने के संसाधन के रूप में विकसित हो रहे है।

इस मौके पर कलेक्टर संदीप जी आर ने आंगनवाड़ी केंद्र पिपरी वार्ड 1 परियोनजना नौगांव 1 पर पहुंच कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया, और खेल खेल में सीखने के उनके अनुभवों को जाना साथ ही बच्चों के माता पिता से बात करके उनके अनुभव जाने और सफलतम आयोजन और प्रयासों की प्रशंसा की तथा शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम के दौरान महिला बाल विकास विभाग से जिला कार्यक्रम अधिकारी राजीव कुमार सिंह, सीडीपीओ अनिल नामदेव, पर्यवेक्षक पवन पटेल, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आराधना श्रीवास्तव एवं सहायिक उषा रैकवार, की एजुकेशन फाउंडेशन के प्रोग्राम मैनेजर नितिन भास्कर जड़िया कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रहे।

## अजय बने उपाध्यक्ष



**छतरपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, राष्ट्रीय अध्यक्ष विधि एवं मानव अधिकार विभाग विवेक तन्खा, प्रदेश अध्यक्ष विधि एवं मानव अधिकार विभाग शशांक शेखर, छतरपुर विधायक आलोक चतुर्वेदी, महाराजपुर विधायक नीरज दीक्षित, राजनगर विधायक नाती राजा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष लखन लाल पटेल, कांग्रेस विधि मानव अधिकार जिलाध्यक्ष राकेश दीक्षित की अनुशंसा पर एडवोकेट अजय बिंदुआ को मध्यप्रदेश विधि एवं मानव अधिकार विभाग का छतरपुर जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। अजय को नई जिम्मेदारी मिलने पर उनके ईष्ट मित्रों, कांग्रेस के नेताओं, कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# पौधरोपण कर प्रकृति संरक्षण का दिया संदेश



**छतरपुर, देशबन्धु।** बुधवार को भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने गौवंश को चारा खिलाते हुए मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष वैभव पवार का जन्मदिन मनाया। भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अंचल जैन ने बताया कि प्रदेशाध्यक्ष वैभव पवार द्वारा पूरे प्रदेश में 75 लाख पौधे रोपने का संकल्प लिया था, जिसे उनके द्वारा पूरा कर लिया गया है। इसी उपलक्ष्य में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता आज प्रदेश के युवाओं को नवाचार पुनर्निर्माण और पर्यावरण प्रेम जैसी उन्नत विचारधारा के प्रति जागरूक करने वाले भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष का जन्मदिन सेवा कार्य करते हुए मना रहा है। इस मौके पर युवा मोर्च जिलाध्यक्ष नीरज चतुर्वेदी ने युवाओं को पौधरोपण का महत्व बताकर प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में राजित यादव, पुण्य प्रताप सिंह परमार, उमेश यादव, दिवाकर ताम्रकार, रूपेश राय, शिवम मिश्रा, रामस्वरूप कुशवाहा, आदित्य दीक्षित सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल हुए।

## किसान की जमीन पर जबरन बना दी सड़क, विरोध पर की मारपीट



**छतरपुर, देशबन्धु।** लवकुशनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम प्रतापपुरा निवासी एक किसान की जमीन पर दबंगों द्वारा जबरन सडक् बनाई जा रही है। बीते रोज जब किसान ने इसका विरोध किया तो दबंगों ने उसके साथ मारपीट कर दी। घटना की रिपोर्ट लवकुशनगर थाने में की गई है। घायल किसान का जिला अस्पताल में इलाज जारी है।

पीड़ित किसान भगवानदास पुत्र नारायण अहिरवार उम्र 33 वर्ष निवासी प्रतापपुरा ने बताया कि 21 अगस्त को वह गांव के आम रास्ते से अपने खेत पर जा रहा था तभी गांव के जयपाल पाल और धर्मेन्द्र पाल ने उसके साथ मारपीट कर दी। भगवानदास के मुताबिक आरोपियों द्वारा उसकी जमीन पर जबरन सडक् बनाई जा रही है जिसका उसके द्वारा विरोध किया जा रहा है, इसी बात से नाराज आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की है। लवकुशनगर पुलिस ने भगवानदास की शिकायत पर आरोपियों के विरुद्ध 294, 323, 506, 34 आईपीसी एवं एससी/एसटी एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर लिया है।


### कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग, सागर

क्रमांक 1522/स.अ. /आवंटन/सागर/ 2023 दिनांक 23.08.2023

**भवन भूखण्ड हस्तान्तरण/नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मण्डल कॉलोनी पं. दीनदयाल नगर सागर स्थित भवन क्रमांक एमआईजी 220 मंडल द्वारा श्रीमती अनीता शुक्ला पति श्री व्ही.के. शुक्ला को आवंटित किया गया था। जिसका विक्रय विलेख मंडल द्वारा 03.02.2011 को निष्पादित कराया गया था। श्रीमती अनीता शुक्ला पति श्री व्ही.के. शुक्ला द्वारा उक्त भवन निष्पादित विक्रय विलेख दिनांक 20.12.2013 के माध्यम से श्री दिवाकर पाण्डेय एवं श्रीमती कविता पाण्डेय को विक्रय किया गया। श्री दिवाकर पाण्डेय एवं श्रीमती कविता पाण्डेय द्वारा उक्त भवन विक्रय विलेख निष्पादित दिनांक 03.08.2023 के माध्यम से श्री योगेश रैंकवार मांझी पिता श्री रामकृष्ण रैंकवार मांझी को विक्रय किया। श्री योगेश रैंकवार मांझी पिता श्री रामकृष्ण रैंकवार मांझी द्वारा उक्त भूखण्ड/ भवन स्वयं के नाम से नामांतरित करने हेतु आवेदन/दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है। यदि किसी व्यक्ति को संस्था या हित रखने वाले वैध व्यक्ति को हस्तांतरण/नामांतरण बावत आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैध आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात हस्तांतरण/नामातरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी का कोई दावा मान्य नही होगा।

**सम्पत्ति अधिकारी**
**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग, सागर**



### कार्यालय नगर पालिक निगम सागर

क्रं./कालोनी सेल/न.नि./2023/714 सागर दिनांक 23.08.2023

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम सागर के क्षेत्र अंतर्गत म.प्र. राजपत्र दिनांक 13.01.2022 के भाग 3 अनाधिकृत कालोनियों से संबंधित उपबंध के नियम 23 (2) अनुसार मौजा धर्मश्री पटवारी हल्का नं. 64 खसरा नं. 126/16, 216/4, 127/2, 127/3, 127/4 में कुल रकबा 2.90 एकड़ में विकसित की गई अनाधिकृत कालोनी में नागरिक अधोसंरचना प्रदाय करने हेतु अंतिम अभिन्यास तैयार किया जाकर विकास शुल्क राशि रु. 646.00 रुपये प्रतिवर्गमीटर का प्रकाशन प्रतिष्ठित समाचार पत्र हरिभूमि में दिनांक 13.04.2023 एवं दैनिक राजएक्सप्रेस में दिनांक 12.04.2023 को किया गया था। म.प्र. राजपत्र दिनांक 26.05.2023 अनुसार विकास शुल्क की कुल राशि में से 20 प्रतिशत निम्न आय वर्ग के रहवासियों से एवं 50 प्रतिशत अन्य रहवासियों से व्यक्तिगत रुप से प्रभारित की जायेगी। उपरोक्तानुसार मौजा धर्मश्री पटवारी हल्का नं. 64 खरा नं. 126/16, 126/4, 127/2, 127/3, 127/4 में कुल रकबा 2.90 एकड़ में विकास शुल्क राशि रु. 646.00 रुपये प्रतिवर्गमीटर अन्य रहवासियों के लिए एवं राशि रु. 258.00 प्रतिवर्गमीटर निम्न आय वर्ग के रहवासियों के लिए निर्धारित की गई है। उक्त विकास शुल्क कालोनी के अधिभोगियों द्वारा नगर पालिक निगम सागर में नियत समयावधि 24 माह के भीतर जमा की जाना है।

अतः प्रस्तुत अभिन्यास अनुसार कालोनी के भूखण्ड/भवन का स्वामी विहित शर्तो की पूर्ति करने के पश्चात भवन निर्माण, पुर्ननिर्माण की अनुज्ञा अथवा प्रशमन के लिए आवेदन करने हेतु पात्र है।

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम सागर**

विधायक राकेश गिरी ने विकासखंड के 27 छात्र-छात्राओं को सौंपी ई-स्कूटी की चाबी

# नि:शुल्क स्कूटी वितरण योजना से जिले के 111 विद्यार्थी हुए लाभान्वित



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में पॉलिटेक्निक ग्राउंड शहडोल में स्कूटी वितरण समारोह का आयोजन किया गया। नि:शुल्क स्कूटी वितरण योजना अंतर्गत इस वर्ष प्रदेश के कुल 7 हजार 790 विद्यार्थी लाभन्वित हुये, इसमें पेट्रोल स्कूटी चयनित करने वाले 4 हजार 806 विद्यार्थी और ई-स्कूटी स्कूटी चयनित करने वाले 2 हजार 984 विद्यार्थी शामिल हैं। इस अवसर पर स्थानीय नजरबाग प्रांगण में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ टीकमगढ़ विधायक राकेश गिरि गोस्वामी ने अतिथियों के साथ दीप प्रज्वलित कर किया। विधायक श्री गिरि ने अतिथियों के साथ विद्यार्थियों को ई-कूटियों की चाबी सौंपी। टीकमगढ़ जिले के 111 विद्यार्थियों को ई-स्कूटी प्रति विद्यार्थी राशि प्रदाय की गई, जिसमें बल्देवगढ़ विकासखण्ड के 22, जतारा विकासखण्ड के 44, पलेरा विकासखण्ड के 18 तथा टीकमगढ़ विकासखण्ड के 27 विद्यार्थी शामिल हैं। कार्यक्रम में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा व सुना गया। उल्लेखनीय है कि नि:शुल्क स्कूटी वितरण योजना अंतर्गत प्रदेश में संचालित शासकीय हायर सेकेन्डरी विद्यालयों में सत्र 2022-23 में प्रथम स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को ई-स्कूटी/(मोटरराईज्ड) स्कूटी क्रय के लिये राशि प्रदाय की जाएगी। इस योजना अंतर्गत ऐसे छात्र-छात्राऐं पात्र होगें, जो प्रदेश के स्कूल शिक्षा विभाग एवं जनजातीय कार्य विभाग अन्तर्गत संचालित शासकीय हायर सेकेण्डरी शाला में नियमित विद्यार्थी के रूप में अध्ययन कर माध्यमिक शिक्षा मण्डल (एम.पी.बोर्ड) की हायर सेकंडरी (कक्षा 12वीं) परीक्षा में किसी भी संकाय में अपनी शाला में नियमित परीक्षार्थी के रूप में टॉप कर प्रथम स्थान अर्जित किया हो।

# कुए में गिरी नीलगाय को सुरक्षित निकालकर जंगल में छोड़ा

## वन विभाग की टीम ने ग्रामवासियों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद पाई सफलता



**दिगौड़ा, देशबन्धु।** तहसील के अंतर्गत ग्राम बर्मामांझ में 23 अगस्त बुधवार की सुबह एक किसान के खेत पर स्थित कुए में नीलगाय गिर गई। किसान दिल्लीपत घोष जब अपने खेत पर पहुंचे तो कुएं में नील गाय को देखा। उन्होंने तत्काल घटना की सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी। जानकारी लगते ही डिप्टी रेंजर सुखदास अहिरवार टीम के साथ मौके पर पहुंचे और नील गाय को ग्रामवासियों की मदद से सुरक्षित बाहर निकाला। डिप्टी रेंजर सुखदास अहिरवार ने जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार को ग्राम पंचायत कुर्राई सरपंच रहीश घोष द्वारा नील गाय के कुएं में गिर जाने की सूचना मिली। जानकारी लगते ही किसान दिल्लीपत घोष के खेत पर पहुंचे और नील गाय को बाहर निकालने के लिए प्रयास शुरू किए गए। उन्होंने बताया कि कुआ क्षतिग्रस्त होने के कारण नीलगाय को निकालने में काफी समस्या का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद उसे सुरक्षित बाहर निकाला जा सका। इस दौरान किसान के खेत पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। नील गाय को रेस्क्यू करने के बाद वन विभाग की टीम ने उसे सुरक्षित क्षेत्र में छोड़ दिया है।

## बगाज माता से शुरू होकर पहाड़ी तिलवारन पहुंची केके की कांवड़ यात्रा



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** भाजपा के पूर्व विधायक कृष्ण कुमार श्रीवास्तव श्रावण मास के उपलक्ष्य में कांवड़ यात्रा निकाल रहे हैं। बुधवार को छठवे दिन की यात्रा बगाज माता से शुरू हुई। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों ने जगह-जगह कांवड़ियों का स्वागत किया। यात्रा में पूर्व विधायक केके श्रीवास्तव ने जमकर नृत्य किया। यात्रा के संयोजक श्री श्रीवास्तव ने बताया कि पिछले 15 सालों से सावन के महीने में कांवड़ यात्रा निकालते चले आ रहे हैं। इस बार 18 से लेकर 28 अगस्त तक टीकमगढ़ विधानसभा के ग्रामीण इलाकों में कांवड़ यात्रा निकाली जा रही है। 18 अगस्त को बान सुजारा बांध का जल भरकर यात्रा का शुभारंभ किया गया था। बुधवार को बगाज माता से यात्रा शुरू की गई। इसके बाद सुंदरपुर, जटऊआ तिगैला, जुड़ावन, सगरवारा, अस्तौन, नचनवारा होते हुए पहाड़ी तिलवारन में रात्रि विश्राम किया गया। इसी तरह हर दिन आधा दर्जन से ज्यादा ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए 28 अगस्त को टीकमगढ़ नगर की परिक्रमा लगाकर शिव धाम कुंडेश्वर में कांवड़ यात्रा का समापन होगा।

## कलेक्टर ने ग्राम बर्माताल में तपोवन के अंतर्गत रौपे 9 सौ पौधे



टीकमगढ़, देशबन्धु। जिले की जनपद पंचायत जतारा के अंतर्गत आने वाली ग्राम बर्मा ताल में 23 अगस्त बुधवार को कलेक्टर अवधेश शर्मा की उपस्थिति में एक तपोवन लगाया गया, जिसमे 900 पौधे लगाए गए। इस दौरान दिगौड़ा तहसीलदार कुलदीप सिंह, सरपंच प्रतिनिधि गब्बर सिंह सहित कई अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में ग्रामवासियों का बहुत सहयोग रहा।

यातायात पुलिस ने किया जागरुकता शिविर का आयोजन

# लायसेंस, रजिस्ट्रेशन और फिटनेस साथ रखें टैक्सी चालक



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सासत्या के मार्गदर्शन में थाना यातायात प्रभारी कैलाश कुमार पटेल के नेतृत्व में रेलवे स्टेशन टीकमगढ़ में यातायात पुलिस द्वारा यातायात जागरूकता शिविर का आयोजन कर दिशा निर्देश दिए गए। शिविर के दौरान सभी टैक्सी चालकों से कहा गया कि वह अपना लायसेंस, रजिस्ट्रेशन और फिटनेस रखे। सभी टैक्सी चालक ओवर लोडिंग ना भरे विशेष रूप से स्कूली बच्चों को काफी संख्या में ना बिठाये। यातायात प्रभारी सभी टैक्सी चालकों की जानकारी रखें जैसे वाहन क्रमांक, वाहन मालिक का नाम, पता, चालक का नाम, पता, मोबाइल नंबर जरुर रखें। विशेष रूप से चुनाव के समय संदिग्ध सामान जैसे शराब आदि का परिवहन ना करें। सभी चालक अपनी वर्दी लगाये तथा नाम भी लगाये। शहर के मुख्य चौराहे पर रोड पर वाहन खड़ा ना करे। यदि आपके सामने कोई घटना हो रही हैं तो आप 100 डायल पर सूचना दे तथा एक भारतीय नागरिक का फर्ज निभाये। स्कूली बच्चों को लाने और ले-जाने वाले चालकों को ऑटो में सुरक्षा जाली लगवाने एवं शराब आदि मादक पदार्थ का सेवन करके वाहन ना चलाने के लिए निर्देशित किया गया। इसके अलावा एवं रिक्शा चालकों को आने वाली समस्याओं को भी सुना गया। शिविर में 72 रिक्शा चालक सम्मिलित हुऐ। इस अवसर पर रक्षित निरीक्षक विशाल मालवीय, यातायात थाने से सूबेदार आर्या पाराशर, प्रधान आरक्षक शकील खान, प्रधान आरक्षक चउदे लाल, आरक्षक अवधेश यादव, आरक्षक राजकुमार इत्यादि उपस्थित रहे।

# दिल्ली में नेशनल यूथ बिलियन अवार्ड से सम्मानित हुए आदर्श



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** कन्यादान फाउंडेशन द्वारा दिल्ली में आयोजित नेशनल यूथ ब्रिलिएंस अवार्ड 2023 से राष्ट्रीय सेवा योजना शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय टीकमगढ़ पुरुष इकाई 02 के स्वयंसेवक आदर्श जैन सम्मानित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनोज तिवारी सांसद, प्रदेश अध्यक्ष भाजपा दिल्ली एवं मशहूर भोजपुरी कलाकार रहे। यह सम्मान मात्र एक सम्मान नहीं बल्कि उन सभी युवाओ के लिए प्रेरणास्त्रोत है जो शिक्षा के साथ व्यक्तित्व विकास एवं सामाजिक सेवा की भावना से समाज सेवा कार्यो में निरंतर तत्पर तैयार रहते हैं। इस सम्मान के लिए रासेयो परिवार एवं महाविद्यालय के प्राचार्य इंद्रजीत जैन, जिला संगठन एवं कार्यक्रम अधिकारी इकाई (02) अभिमन्यु प्रसाद, कार्यक्रम अधिकारी (इकाई 01) मुकेश अहिरवार सहित स्वयंसेवकों द्वारा बधाइयाँ व शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

## अवैध कच्ची शराब जप्त कर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज

**दिगौड़ा, देशबन्धु।** थाना पुलिस ने बीती रात को मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए ग्राम बिजरावन एवं दिगौड़ा कस्बे से अवैध कच्ची व देशी शराब को जप्त कर आरोपियों के खिलाफमामला दर्ज किया है। थाने से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बिजरावन के रौतयाना मुहल्ला में राजाराम आदिवासी प्लास्टिक की कुप्पी में शराब बेचने के लिए खड़ा हुआ था। पुलिस को देखते ही व्यक्ति ने भागने का प्रयास किया लेकिन पुलिस टीम ने घेराबंदी कर व्यक्ति को पकड़ कर उसके कब्जे से 5 लीटर अवैध देशी कच्ची महुआ से बनी हुई शराब को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही पुलिस टीम द्वारा दिगोड़ा कस्बे में कार्रवाई करते हुए विक्रम के कब्जे से 26 क्वाटर प्लेन देशी शराब कीमती 1560 रुपए की अवैध शराब को जब्त की गई। दिगौड़ा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34 आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी नीरज लोधी, प्रधान आरक्षक विजय सिंह, मुकेश राय, आरक्षक अरविंद, अजय, हीरालाल, सलमान खान की अहम भूमिका रही।

# आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ने जिला शिक्षा अधिकारी को दिया ज्ञापन

**टीकमगढ़,देशबन्धु।** आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ने जिलाध्यक्ष कप्तान सिंह बुंदेला के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी एवं डीपीसी से मुलाकात कर उनका सम्मान करते हुए अध्यापक शिक्षक संवर्ग की विभिन्न जिला स्तरीय समस्याओं का निराकरण कराने ज्ञापन सौंपा। संघ ने मांग की है कि जिला शिक्षा अधिकारी एवं वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश के वाबजूद भी जिले के कई संकुलों में सातवें वेतनमान की किस्त का भुगतान नहीं किया जा रहा है, जिसे शीघ्र कराया जाये। प्राथमिक शिक्षकों की वरिष्ठता सूची में शिक्षकों की सही शैक्षणिक योग्यता दर्ज न होने के अलावा कई विसंगतियां हैं जिसके कारण पदक्रम सूची में शिक्षकों के नाम सही क्रम में अंकित नहीं हैं, पदक्रम सूची में सुधार करवाया जाये। शासन के निर्देशानुसार प्राथमिक शिक्षकों ने टेबलेट क्रय कर लिये हैं, कई शिक्षकों के टेबलेट का भुगतान आज दिनांक तक नहीं किया गया है, जिसे कराया जाये। कई संकुलों में एचआरए निर्धारित भत्ते से कम भुगतान किया जा रहा है, सभी संकुलों में एक समान एचआरए का भुगतान कराया जाये। शासन की मंशानुरूप शिक्षकों की वेतन का भुगतान 1 से 5 तारीख के मध्य किया जाना चाहिए, किंतु कई ब्लॉकों में भुगतान समय पर नहीं किया जा रहा है, जिसे समय कराया जाये। इस दौरान संघ ने डीईओ एवं डीपीसी से अध्यापकों शिक्षकों की विभिन्न क्षेत्रों में आने वाली समस्याओं जैसे शाला से संबंधित मोबाइल एप्लीकेशन मे आने वाली तकनीकि समस्याओं, शालाओं मे विद्युत आदि मूलभूत सुविधाओं एवं जिले की शैक्षणिक व्यवस्था में सुधार इत्यादि के संबंध मे विस्तृत चर्चाएं हुईं। डीईओ एवं डीपीसी ने अध्यापक शिक्षकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना एवं उनका निराकरण कराने का पूर्ण आश्वासन दिया। साथ ही कहा कि हम जिले के अध्यापक शिक्षकों के साथ हमेशा हैं। हर समस्या का निराकरण कराया जायेगा। उन्होने कहा कि शिक्षक अपना काम निष्ठापूर्वक करें, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा बच्चों को प्रदान करें। समय से शाला पहुंचें समय से छोड़ें। संघ ने जिले के अध्यापक शिक्षकों से शिक्षा के स्तर मे अधिक से अधिक बेहतर शिक्षण कार्य करने की अपील की है। इस मौके पर प्रांतीय मीडिया प्रभारी जगदीश रजक, संभागीय सचिव धीरज मिश्रा, संभागीय प्रवक्ता पुष्पा अहिरवार, जिलाध्यक्ष कप्तान सिंह बुंदेला,महामंत्री आशीष पांडे, उपाध्यक्ष अभिनय खरे, उपाध्यक्ष देवेंद्र राय, सह संगठन मंत्री मनीष अहिरवार,सहित अनेक अध्यापक शिक्षक उपस्थित रहे।



डीईओ और डीपीसी से शिक्षा व्यवस्था में सुधार सहित अनेक मुद्दों पर की गई चर्चा

भारतीय किसान संघ की मासिक बैठक बड़ा मंदिर परिसर में हुई

# देश के हम भण्डार भरेंगे, लेकिन कीमत पूरी लेंगे : गिरि



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** भारतीय किसान संघ की तहसील लिधौरा की मासिक बैठक बड़ा मंदिर प्रांगण अस्पताल के पास लिधौरा में आयोजित की गई। बैठक में जिलाध्यक्ष शिव मोहन गिरि ने कहा कि देश के हम भण्डार भरेंगे लेकिन कीमत पूरी लेंगे। ये नारा भारतीय किसान संघ हर जगह, हर गाँव, हर तहसील, हर जिला, हर प्रदेश में लगा रहा है। सरकार हर व्यक्ति को उसकी वस्तु का मूल्य दे रही है लेकिन जो देश को विकास पथ पर ले जा रहा है उसकी उपेक्षा कर रही है। अब ये भारतीय किसान संघ नही चलने देगा, किसान को उसकी फसल व सब्जी का मूल्य मिलना ही चाहिए। देश नेता से नही, नीति से महान बनता है। आज सरकार को चाहिए कि नीति किसान हितैषी बने और किसान तक पहुंचे। नीतियां हर क्षेत्र की अलग हो जिसमें किसानों की सहभागिता हो। हमारा देश एक कृषि प्रधान देश है तो हमें नीतियां भी किसान के लिए ही बनानी चाहिए। अब टीकमगढ़ का किसान जाग रहा है। अब सरकार, प्रशासनिक अधिकारी भी ये समझ लें कि किसान का शोषण बर्दाश्त नही होगा। कार्यक्रम का संचालन दिगौड़ा तहसील उपाध्यक्ष फूलसिंह घोष ने किया। लिधौरा तहसील अध्यक्ष मान सिंह यादव ने कहा कि हमारी तहसील के प्रत्येक गाँव में भारतीय किसान संघ को पहुंचाना ही हमारा लक्ष्य है। तहसील अध्यक्ष मानसिंह यादव की अनुशंसा पर द्वारका प्रसाद गौतम को तहसील उपाध्यक्ष व लिधौरा नगर प्रभारी, महेंद्र सिंह परमार को तहसील संयोजक, सुरेश पाठक को तहसील उपाध्यक्ष, रामपाल सिंह बुंदेला को तहसील कार्यकारिणी सदस्य, जीवनलाल यादव को तहसील कार्यकारिणी सदस्य, रूप सिंह यादव को तहसील कार्यकारिणी सदस्य, केशव प्रसाद बिदुआ को छिपरी ग्राम समिति अध्यक्ष, अनिल त्रिपाठी को जरुआ ग्राम समिति अध्यक्ष, राजपाल सिंह यादव को गोटेट ग्राम समिति अध्यक्ष, खेमचंद नायक को छिपरी ग्राम समिति मंत्री बनाया गया। बैठक में जिला मंत्री राजेंद्र श्रीवास्तव, लिधौरा तहसील मंत्री बृजेश नायक, तहसील उपाध्यक्ष छंदीलाल अहिरवार, राजेंद्र कुशवाहा, राकेश कुमार यादव, रामलाल विश्वकर्मा, बृजलाल यादव, मोहन सिंह, अरुण दुबे, सोहन सेन, रामस्वरूप, छक्की लाल, अच्छे लाल, भल्लू चढ़ार, अरविन्द कुमार यादव, धर्म दास गुप्ता, अरविन्द चढ़ार, बृजभूषण सेन, जगदीश यादव, मुकेश कुशवाहा, चार्ली राजा, रामस्वरूप चढ़ार सहित कई किसान मौजूद रहे।

देश का प्रतिनिधित्व करते हुए नीदरलैंड व पेरिस में सेमिनार को किया संबोधित

# देश-विदेश में गांव का नाम रोशन कर रहे डॉ. विवेकानंद



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिले की ग्राम पंचायत दिगौड़ा के रहने वाले डॉ. विवेकानंद जैन अपने कार्यो व दायित्वों को लेकर देश सहित विदेशों में अपने गांव का नाम रोशन कर रहे हैं। इसकी जानकारी मिलने पर ग्रामवासियों ने प्रसन्नता जाहिर कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की है। दिगौड़ा निवासी स्वर्गीय बाबूलाल जैन शिक्षक के द्वितीय सुपुत्र डॉ. विवेकानंद जैन विगत 27 वर्षों से बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में डिप्टी लाइब्रेरियन के पद पर कार्य कर रहे हैं। श्री जैन अपनी प्रारंभिक शिक्षा दिगौड़ा में प्राप्त करने के उपरांत उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए सागर चले गए। वहाँ से आपने बीएससी के उपरांत बी लिव व एम लिव की डिग्री हासिल की व दोनों डिग्री में आपको गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ। यहां से डॉ. विवेकानंद ने जबलपुर व दिल्ली में सर्विस की, साल 1996 में आपने असिस्टेंट लाइब्रेरियन के पद पर बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी में ज्वाइन किया, जहां से पीएचडी की डिग्री हासिल कर डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की। विगत छह साल से आप इंटरनेशनल लाइब्रेरी फाउंडेशन ऐसोसिएशन अल्फा के सदस्य के लिए चुने गए। विश्व के अनेक देशों में आप ने भारत देश की ओर से प्रतिनिधित्व करते हुए कार्य किया। हाल ही में आपने नीदरलैंड देश के रॉटरडैम में आयोजित सैमीनार में भाग लिया। उसके पश्चात वहाँ से पैरिस हैग देश में भी भाग लिया। एक छोटे से गाँव दिगौड़ा से निकल कर आपका देश की सबसे बड़ी बीएचयू लाइब्रेरी की ओर से विदेश में जाकर संबोधित करना सभी ग्राम वासियों व क्षेत्रवासियों के लिए गर्व कि बात है और सभी ने इनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## सार समाचार

### मुकुट सप्तमी पर्व पार्श्वनाथ भगवान का निर्माण लाडू चढ़ाया



**दमोह/पथरिया देशबन्धु।** नव निर्माणाधीन तीर्थ क्षेत्र विरागोदय की पुण्यधरा पर देवाधिदेव 1008 श्री पारसनाथ स्वामी का निर्माण महोत्सव मुकुट सप्तमी बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। पावन पुनीत बेला में 20 तीर्थंकरों के सास्वत निर्माण क्षेत्र तीर्थराज सम्मेद शिखर की मनोघ्य रचना की गई। प्रात: 8 बजे से नगर के सभी जैन बंधुओं की उपस्थिति में अभिषेक, पूजन, शांतिधारा और 23 निर्वाण लाडू 23 परिवारों को चढ़ाने का अवसर प्राप्त हुआ। प्रथम कलश का सौभाग्य संजय अनिल कुबेर को प्राप्त हुआ साथ ही शांतिधारा का सौभाग्य अमित सचिन बजाज परिवार, द्वितीय मदन अभिषेक बड़कुल को प्राप्त हुआ,मुख्य निर्वाण लाडू चढ़ाने के सौभाग्य रवेंद्र जैन रवि को प्राप्त हुआ साथ ही आज 108 कलशों के माध्यम से सभी भक्तो ने प्रभु पार्श्वनाथ का अभिषेक किया।प्रवर्तक मुनि श्री 108विश्व नायक सागर के चरण प्रक्षालन पूजन समिति को प्राप्त हुआ। पूज्य मुनिश्री विश्व नायक सागर जी ने अपनी मंगल देशना में कहा जैन सम्प्रदाय में 24 तीर्थंकर हुए जिनमें से आज 23वें तीर्थंकर पारसनाथ भगवान का निर्वाण महोत्सव है भगवान पार्श्वनाथ के प्रति सबसे ज्यादा आस्था श्रद्धा रखने वाले श्रद्धालु वर्तमान में सबसे अधिक क्षेत्र पूजन मंत्र स्रोत भगवान पारसनाथ के ही मिलते हैं वर्तमान में जब भी किसी जैन श्रद्धालु पर तीव्र कर्मउदय वश संकट के बादल छा जाते हैं तब वह विशेष रूप से पारसनाथ भगवान की भक्ति करके अपने संकटों का निवारण करता है भविष्य पर भी श्रद्धा भक्ति पूर्वक भगवान की पूजन आराधना करना सम्यक दृष्टि की पहचान है कार्यक्रम का संचालन रोहित जैन ने किया आभार अमित बजाज ने व्यक्त किया।

### मुख्यमंत्री लाड़ली बहना सम्मेलन और मेधावी विद्यार्थियों को स्कूटी वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

# महिलाएं दुखी और गरीब न रहे, इसलिए लाड़ली बहना योजना लागू की: शिवराज






**दमोह देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दमोह के तहसील ग्राउंड पर आयोजित मुख्यमंत्री लाड़ली बहना सम्मेलन और मेधावी विद्यार्थियों को स्कूटी वितरण कार्यक्रम में कहा कि महिलाएं दुखी और गरीब न रहे, इसलिए मध्यप्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना लागू की है। योजना के तहत जो राशि लाड़ली बहनो के खाते में दी जा रही है, वो सिर्फपैसा नहीं बल्कि उनका सम्मान है। चौहान ने इस अवसर पर दमोह जिले के विकास के लिए 1600.09 करोड़ रूपये के विकास कार्यो का भूमिपूजन, शिलान्यास और लोकार्पण भी किया। कार्यक्रम में केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण, उद्योग एवं जल शक्ति राज्य मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, म.प्र. वेयर हाउसिग लॉजिस्टक एवं कार्पोरेशन अध्यक्ष राहुल सिंह लोधी, विधायक हटा पीएल तंतुवाय, जबेरा विधायक धर्मेन्द्र सिंह लोधी, पूर्व मंत्री जयंत मलैया, डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया, पूर्व सांसद चंद्रभान सिंह लोधी, पूर्व विधायक लखन पटेल, विजय सिंह राजपूत, उमादेवी खटीक, सोनाबाई अहिरवार तथा प्रीतम सिंह लोधी, सतानंद गौतम, चौधरी मुकेश सिंह चतुर्वेदी, महंत हरि प्रसन्न दास, सतीश तिवारी, गोपाल पटेल, रामेश्वर चौधरी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिवचरण पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

उन्होंने कहा कि योजना के संबंध में राखी के पहले 27 अगस्त को दोपहर 01 बजे वे लाड़ली बहनो से टीव्ही के माध्यम से अपनी बात रखेंगे। सभी लाड़ली बहने इस प्रसारण को अवश्य सुने। मुख्यमंत्री के संबोधन के दौरान ही चंद्रमा पर चंद्रयान-3 के उतरने का सीधा प्रसारण हुआ। मुख्यमंत्री के आव्हान पर सम्मेलन में मौजूद हजारों लाड़ली बहनो और नागरिको ने भारत को मिली इस ऐतिहासिक सफ्लता का गर्मजोशी से स्वागत किया।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास की ओर अग्रसर हो रहा है। आज बढ़ते हुये भारत को पूरी दुनिया देख रही है। प्रधानमंत्री की पहल पर अब हर घर में टोटी लगाकर पानी पहुँचाया जा रहा है। महिलाओं को अब हेण्डपंप का पानी नहीं पीना पड़ेगा। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे खूब पढ़े और आगे बढ़े। अभिभावको से भी कहा कि वे अपने बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान दे। मध्यप्रदेश सरकार ने हर वर्ग के बेटे-बेटियों की पढ़ाई की चिंता की है। जहां उन्हें साईकिल, गणवेश दिये जा रहे हैं, वहीं मेधावी विद्यार्थियों को लेपटॉप और स्कूटी दी जा रही है।

सम्मेलन में श्री चौहान ने चार मेधावी विद्यार्थियों को प्रतिकात्मक रूप से स्कूटी और एक छात्रा को लेपटॉप प्रदान किये। जिले के 161 मेधावी विद्यार्थियों को स्कूटी दी जायेगी। उन्होंने एक मेधावी छात्रा अमीषा कुर्मी को स्कूटी की चाबी सौपी तथा स्कूटर में बैठकर स्वयं भी उसके साथ फोटो खिचवाई। इसी तरह गौरी चौरसिया को ऐक्टिवा की चाबी सौपी। मुख्यमंत्री को लाड़ली बहनो द्वारा एक बड़ी राखी भेट की गई। जनप्रतिनिधियों की ओर से एक बड़ी माला से मुख्यमंत्री का स्वागत हुआ। लाड़ली बहनों ने भी मुख्यमंत्री का स्वागत किया। प्रारंभ में मुख्यमंत्री चौहान और पटेल ने कन्या पूजन और दीप प्रज्वलित कर सम्मेलन का शुभारंभ किया। श्री चौहान ने लाड़ली बहनो पर पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया। लाड़ली बहनो ने भी उत्साहपूर्वक मुख्यमंत्री का अभिवादन किया।

**विकास कार्यों का शिलान्यास, लोकार्पण:** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लाड़ली बहना सम्मेलन में जिले के लिए 1600.9 करोड़ की लागत से विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इनमें जल संसाधन विभाग के सतधरू मध्यम सिचाई परियोजना लागत 315.65 करोड़, सीता नगर सिचाई परियोजना 518.09 करोड़, चकेरी घाट स्टॉपडेम कम काजवे लागत 11.61 करोड़ रूपये तथा लोक निर्माण विभाग (भवन) द्वारा बनाये गये संयुक्त तहसील कार्यालय भवन (नगरीय तहसील दमयंती नगर में भवन) लागत 4.92 करोड़ के कार्यो का लोकार्पण शामिल हैं। श्री चौहान ने म.प्र. जल निगम के बेबस सुनार-1 समूह जल प्रदाय योजना लागत 169.09 करोड़ तथा बेबस सुनार-2 समूह जल प्रदाय योजना लागत 580.73 करोड़ रूपये के निर्माण कार्यो का भूमिपूजन भी किया।

### महिला स्व सहायता समूह की नवनिर्वाचित अध्यक्ष कौशल्या निर्वाचित होने पर कार्यक्रम



**दमोह/नोहटा देशबन्धु।** जनपद पंचायत जबेरा के सभा कक्ष में प्रांतीय महिला स्व सहायता समूह जिला दमोह के तत्वाधान में दमोह जिले की नवनिर्वाचित अध्यक्ष कौशल्या नारायण सिंह के निर्वाचित होने पर कार्यक्रम रखा गया। जिसमें जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह, जनपद पंचायत सीईओ रामेश्वर पटेल, बीआरसी परमेंद्र वैद्य, आजीविका मिशन से आशुतोष तिवारी वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी पत्रकार मुन्ना सोनी एवं मध्यान भोजन के समूह के अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष उपस्थित रहे। मध्यान भोजन में होने वाली परेशानियों के बारे में अध्यक्ष एवं कोषाध्यक्षों ने कुछ अपनी मांगे रखी जिसमें रसोइए को सिर्फ 65 मिलता है उसको बढ़ाकर कम से कम रू 200 दिया जाए। सेल्समैन के द्वारा समय पर मध्यान भोजन आवंटन नहीं किया जाता है बार-बार परेशान किया जाता है ऐसे तमाम बिंदुओं पर चर्चा की गई।

## मोक्ष कल्याणक पर 108 शांति धारा संपन्न



**दमोह देशबन्धु।** जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर भगवान श्री पारसनाथ का निर्वाण महोत्सव 23 अगस्त 2023 को जैन मंदिरों में तीर्थ स्थलों में बेहद उत्साह और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भगवान पारसनाथ का अभिषेक पूजन शांति धारा करके निर्माण लाडू समर्पित किए गए। दमोह नगर के श्री पारसनाथ दिगंबर जैन नन्हे मंदिर जी में चातुर्मास रत गणाचार्य श्री विराग सागर जी महाराज के शिष्य उपाध्यक्ष श्री विश्रुत सागर एवं मुनिश्री निर्वेद सागर जी के मंगलमय सानिध्य में भगवान पारसनाथ का मोक्ष कल्याणक महोत्सव अत्यंत भक्ति भाव और धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्रीजी की 108 प्रतिमाओं का सामूहिक रूप से अभिषेक पूजन शांति धारा करने का सौभाग्य श्रावक जनों को प्राप्त हुआ। वही मुलायक चिंतामणि पारसनाथ भगवान की वेदी पर भी सो धर्म इंद्र सहित अन्य इंद्र ने अभिषेक पूजन करके शांति धारा उपरांत निर्वाण लाडू समर्पित किया। इस अवसर पर विभिन्न मंदिर जी से आए श्रावक जनों ने भी अभिषेक पूजन करके धर्म लाभ अर्जित किया। आयोजन को सफ्ल बनाने में मंदिर समिति के अध्यक्ष गिरीश नायक, महामंत्री चक्रेश सराफ राजेश हिनौती, कार्यक्रम समिति के प्रभारी रानू जैन मंगलम, अमर दीप लालू, जीतू मलैया, मंटू लहरी सहित सभी सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इन सभी को उपाध्यक्ष श्री का मंगल आशीर्वाद प्राप्त हुआ।

### अपनों को अपने गले लगाने से और समझने से आयेगी समरसता: गिरी



**दमोह देशबन्धु।** ग्राम पंचायत केरवना में साध्वी विभानंद महाराज के नेतृत्व में आयोजित हुआ। समरसता भोज। दमोह जिले में चल रही स्नेह यात्रा के आठवें दिवस की स्नेह यात्रा प्रारंभ ग्राम सैडारा से किया गया।यात्रा सैडारा,पथरिया, आलमपुर, गुगरा कला से होते हुए केरबना पहुंची। साध्वी विभानंद द्वारा अपने प्रवचन में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में व्याप्त कुरीतियों एवं असमान व्यवहार के कारण समाज का एक बड़ा वर्ग समाज की मुख्यधारा से अलग होता दिखाई दे रहा है। इन्हीं लोगों से स्नेह मिलन एवं संवाद के लिए संत समाज द्वारा यात्रा आयोजित करने का संकल्प लिया गया है। स्नेह यात्रा में गायत्री परिवार, पतंजलि योग संस्थान,योग आयोग के सदस्यों के साथ जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्थाओं से प्रीतम सिंह लोधी,रवि तिवारी,खलील खान,गोविंद पटेल,, परामर्शदाता राजेश तिवारी,नारायण बंसल,राजेश चौरसिया सहित प्रस्फुटन समितियों और सीएमसीएलडीपी के छात्रों की सहभागिता रही। आज यात्रा का रात्रि विश्राम पथरिया नगर परिषद में आयोजित किया जायेगा।

### साइबर सेल की टीम ने ठगी के रुपए युवक को दिलाए

**मुरैना, देशबन्धु।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में ऑनलाइन पेमेंट के चक्कर में ठगी का शिकार हुए युवक को साइबर सेल की टीम ने अपने प्रयासों से अज्ञात कॉलर से एक लख रुपए की रकम वापस दिलाने में सफलता प्राप्त की है। बताया जाता है कि फरियादी रणवीर सिंह निवासी थाना सिविल लाइन मुरैना द्वारा जिला सायबर सेल में लिखित आवेदन प्रस्तुत कर बताया गया कि उसके द्वारा एक कटर खरीदने के लिए राजस्थान संपर्क किया गया था। उस दुकानदार का नंबर डायल करते समय हुई त्रुटि का अज्ञात कॉलर द्वारा फायदा उठाकर अपने आपको कटर दुकान का मालिक बताकर 1 लाख रुपये फोन पे के माध्यम से ट्रांसफर करवा लिए, जब फरियादी अपना कटर लेने दुकान पर राजस्थान पंहुचा, तब असल दुकानदार द्वारा फरियादी को बताया गया कि उसे कोई भी धनराशि फरियादी की तरफ से प्राप्त नहीं हुई है, तब फरियादी को ज्ञात हुआ कि उसके साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी हुई है। उक्त क्रम में सायबर सेल मुरैना द्वारा त्वरित कार्यवाही कर अज्ञात कॉलर के खाते में रुपये होल्ड कराकर फरियादी को उसके 1 लाख रुपये वापस कराये गए। उक्त कार्यवाही में प्रभारी सायबर सेल उप निरीक्षक अभिषेक जादौन, उप निरीक्षक विवेक शर्मा प्र. आर. सुदेश कुमार, आर. राहुल सिंह राजावत, रवि कुशवाह, रामकिशन जादौन, कुलदीप सिंह भदौरिया, प्रशांत शर्मा एवं शैलेन्द्र सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

### पिता की हत्या के आरोपी पुत्र को आजीवन कारावास

**मुरैना, देशबन्धु।** जिले के जौरा थाना क्षेत्र के भवनपुरा गांव में एक वर्ष पूर्व घरेलू रंजिश के चलते पिता की हत्या करने वाले आरोपी पुत्र योगेंद्र सिंह उर्फ पप्पन 32 वर्ष को तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश जौरा मानवेंद्र प्रताप सिंह द्वारा धारा 302 भारतीय दण्ड विधान के अंतर्गत सश्रम आजीवन कारावास तथा पांच हजार रुपये का जुर्माना का दंडादेश पारित किया है। अभियोजन की ओर से पक्ष अतिरिक्त लोक अभियोजक अनिल कुमार अग्रवाल द्वारा किया गया है। अभियोजन के अनुसार 11 मार्च 2022 की सुबह 9-15 बजे मृतक राजकुमार सिंह ग्राम भवनपुरा में मकान बनवा रहे थे, तब आरोपी पुत्र योगेन्द्र सिंह आया तथा आपसी घर की रंजिश को लेकर पिता मृतक राजकुमार सिंह को गंदी-गंदी गालियां देने लगा, गालियां देने से मना किया तो आरोपी योगेन्द्र सिंह ने कुल्हाड़ी से जान से मारने की नियत से राजकुमार सिंह के सिर में, गले में, हाथ में दो जगह मारी, एक दाहिनी पैर की पिंडलियां पर सहित कई घातक प्रहार किए।

### कमलनाथ की जनाक्रोश रैली की तैयारी अंतिम चरण में

**मुरैना, देशबन्धु।** 25 अगस्त को पचासा मैदान अंबाह में होने जा रही प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ की विशाल जन आक्रोश रैली को सफल बनाने की तैयारी में कांग्रेस जुट गई है। भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ हुंकार भरने एवं प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनते ही पांच बड़ी सौगातों जैसे 500 रूपए में घरेलू गैस सिलेंडर दिया जावेगा, प्रत्येक महिलाओं को 1500 रुपए प्रति माह मिलेंगे, किसानों के कर्ज माफ किए जाएंगे, 100 यूनिट बिजली फ्री व 200 यूनिट बिजली हाफ एवं पुरानी पेंशन योजना लागू की जावेगी आदि योजनाओं की सौगात देने जन आक्रोश रैली को संबोधित करने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस कमलनाथ उपस्थित रहेंगे।

### समाजसेवी महेश श्रीवास्तव का निधन



**रायसेन, देशबन्धु।** समाजसेवी और श्री हिंदू उत्सव समिति के पूर्व अध्यक्ष 65 वर्षीय समाज सेवक महेश श्रीवास्तव का बुधवार दोपहर आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही नगर में शोक की लहर छा गई। शहर के सभी समाजों के नागरिकों ने उनके निधन पर गहन दुख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। ज्ञात हो कि वरिष्ठ समाजसेवी महेश श्रीवास्तव पिछले कई वर्षों से तहसील कार्यालय और पंजीयन कार्यालय के लिए दस्तावेज लेखन का कार्य करते थे उनकी छवि एक बेहतर दस्तावेज लेखक के रूप में स्थापित थी जिनका हजारों लोगों से संपर्क था नगर में होने वाले सभी सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक कार्यक्रमों में सहयोग की भावना के साथ वह काम करते थे। सभी जाति विशेष के लोगों में उनका अलग ही महत्व था। उनके निधन पर नागरिकों ने गहरा दुख से व्यक्त किया है एवं इस दुख की घड़ी में उनके परिजनों को शक्ति प्रदान करने के लिए परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की है।

## जैन समाज ने निकाला चल समारोह

**सिरोंज, देशबन्धु।** जैन समाज के 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ भगवान का निर्वाण एंव मोक्ष कल्याणक महोत्सव जैन बड़ा मंदिर में धूमधाम व हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। प्रात: 7 बजे से नित्य अभिषेक शांतिधारा व पारसनाथ भगवान की पूजन कर निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। तत्पश्चात श्री 1008 पार्श्वनाथ भगवान की मूलनायक प्रतिमा को चांदी की पालकी में विराजमान कर चल समारोह निकाला गया। चल समारोह नगर के चांदनी चौक राज बाजार कोट गेट नगर पालिका हाजीपुर जैन मंदिर लिंक रोड छत्री नाका चौराहा कष्टम पथ कठाली बाजार होते हुए घेतल गली में स्थित श्री दिगंबर जैन पारसनाथ मंदिर में पहुचकर समापन हुआ। जहां श्री जी के अभिषेक की प्रक्रिया संपन्न हुई। इस अवसर पर जैन बडें मंदिर के अध्यक्ष प्रवीण जैन भूपत जितेन्द्र जैन बब्लू मनीष जैन पवन जैन सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे। श्रद्धालुओं ने जगह.जगह उतारी भगवान की आरती चल समारोह में अग्रिम पंक्ति में बच्चे जैन ध्वज लिए चल रहे थे। इसके बाद दिव्य देशना महिला मंडल और महिला परिषद की सदस्य अपनी गणवेश में चल रहीं थीं। साथ ही इनके पीछे श्री दिगंबर जैन नवयुवक मंडल का दिव्य घोष बादन चल रहा था। तो वही जैन समाज के महिला एवं पुरुष हाथ में जैन धर्म की ध्वजा लिए चल रहे थे। चल समारोह के दौरान चांदी की पालकी में विराजमान भगवान 1008 श्री पार्श्वनाथ स्वामी की जगह.जगह श्रद्धालुओं ने आरती उतारी। साथ ही जैन समाज की सभी महिला व पुरुष ने अपने घर के दरवाजो पर विभिन्न प्रकार की रंगोली बनाई। रात्रि में दिव्य देशना महिला मंडल महिला परिषद निर्णय सागर पाठशाला व ज्ञान सागर पाठशाला द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री के लिए लाड़ली बहनों से एकत्रित की राखी



**भेरुन्दा/नसरुल्लागंज, देशबन्धु।** भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार एवं महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष माया नारोलिया के निर्देशानुसार महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रितु जैन के द्वारा पूरे सीहोर जिले में लाड़ली बहनों द्वारा प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान के लिए राखी एकत्रित कराई जा रही है। इसी क्रम में नगर में भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष अनिता लखेरा द्वारा पूरे नगर से राखी पर्व पर लाड़ली बहनों के लाड़ले भैया मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जिन्होंने अनेकों सोगतें दी है उनके लिए राखी और पाती एकत्रित करके भेजी है। राखी और मुख्यमंत्री के लिए पत्र एकत्रित करने के लिए साथ में नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रतिभा मकवाना, वार्ड 3 की पार्षद रितु परिहार, वार्ड 12 पार्षद इंदु मालवीय, वार्ड 7 पार्षद नीता अग्रवाल, महिला मोर्चा से संगीता अग्रवाल, सुनीता पंवार उपस्थित रही। इस अवसर पर महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष अनिता लखेरा ने बताया कि बहनों ने पाती में मुख्यमंत्री को बहुत-बहुत बधाई देते हुए उनके लंबी उम्र की कामना की और लिखा कि आगे भी आप ही हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री बने और हम बहनों के संबल बने। रक्षाबंधन के त्यौहार पर बहनों द्वारा मुख्यमंत्री को 27 अगस्त को राखी भेजी जाएगी। इस अभियान में नगर की मुस्लिम महिलाओं ने भी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के लिए राखी भेजी एवं पत्र लिखा।

### मनाई गोस्वामी तुलसीदास की जयंती



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** संत तुलसीदास भगवान श्री राम के प्रति की गई महान भक्ती के लिए ही प्रसिद्ध है।रामचरितमानस तुलसीदास की सबसे प्रमुख और लोकप्रिय कृति है। उक्तवात बुधवार को मानस भवन की द्वितीय मंजिल पर रामायण मंडल ट्रस्ट द्वारा आयोजित तुलसी जयंती के अवसर पर नागरिक सेवा समिति के अध्यक्ष कांतिभाई शाह ने तुलसीदास जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहीं

उन्होंने कहा कि तुलसीदास ने हनुमान चालीसा की भी रचना की थी जो सबसे अधिक पढ़ी जाने वाली चालीसा है।सावन माह के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को तुलसीदास जयंती मनाई जाती है। इस बार तुलसीदास जी की 526वीं जयंतीहै। रामायण मंडल ट्रस्ट के अध्यक्ष एडवोकेट मदन मोहन तिवारी ने कहा कि तुलसीदास ने अपने जीवन काल में रामभक्ति में लीन रहकर अनेकों रचनाएं की जिसमें से रामचरितमानस सबसे प्रसिद्ध कृति है।प्रसिद्ध तुलसी घाट का नाम उन्हीं के नाम पर रखा गया है। तुलसीदास द्वारा लिखा गया महाकाव्य श्रीरामचरितमानस को विश्व के 100 सर्वश्रेष्ठ लोकप्रिय काव्यों में 46वां स्थान प्राप्त है। स अवसर पर नागरिक सेवा समिति के अध्यक्ष कांति भाई शाह, श्री रामायण मंडल ट्रस्ट के अध्यक्ष मदन मोहन तिवारी, कोषाध्यक्ष गोविंद नारायण खंडेलवाल, सचिव सुरेश कुमार तनवानी, उपाध्यक्ष सतीश अग्रवाल एचपी, पूर्व कोषाध्यक्ष बृज किशोर सुहाने आदि मौजूद रहे।

# विद्यार्थी पढ़ाई के साथ सर्वांगीण विकास के लिए खेल व अन्य गतिविधियों में भी आगे बढ़ें: भूपेन्द्र सिंह




## 256 मेधावी छात्र-छात्राओं को स्कूटी प्रदान की गई

**सागर, देशबन्धु।** अभिभावक अपने बच्चों को मानसिक तनाव से मुक्त रखे, शिक्षा का कोई मोल नहीं है, इसको किसी भी कीमत पर नहीं खरीदा जा सकता। विद्यार्थी पढ़ाई के आगे बढ़े। उक्त विचार मंत्री भूपेंद्र सिंह ने सागर जिले में 256 मेधावी छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क स्कूटी वितरण कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किये। इस अवसर पर विधायक शैलेंद्र सुशील तिवारी कलेक्टर दीपक आर्य, जिला पंचायत सीईओ पीसी शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, शिक्षा विभाग के अधिकारी, छात्र-छात्राएं, शिक्षक, प्राचार्य मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कहा कि राज्य सरकार आज अपने आप को गौरांवित महसूस कर रही है, जब आपको स्कूटी का उपहार देकर सम्मानित किया जा रहा है। रोटी, कपड़ा के साथ-साथ शिक्षा और स्वास्थ्य उतना ही जरूरी है, जितना कि रोटी और कपड़ा। शिक्षा और स्वास्थ्य को राज्य सरकार आगे बढ़ाने का कार्य प्राथमिकता के साथ कर रही है। अच्छी शिक्षा प्रदान करना सरकार की जिम्मेदारी है और उसे वह पूर्ण रूप से निभा रही है। इसके लिए मप्र सरकार की छात्रवृत्ति, ड्रेस, पाठय पुस्तक, मध्यान्ह को लाभान्वित करने का कार्य भी किया जा रहा है। आज 256 छात्र-छात्राओं को स्कूटी प्रदान की जा रही है। विधायक शैलेंद्र जैन ने कहा कि आप प्रगति के पथ पर आगे बढ़े, आपके भविष्य में चार चांद लगे यही शुभकामनाएं हैं। यह स्कूटी एक मशीन नहीं बल्कि आप लोगों के परिश्रम, पुरुषार्थ को प्रदर्शित करने वाला उपहार है। आप सभी देश का नया भविष्य रचने वाले विश्वकर्मा है। विधायक प्रदीप लारिया ने कहा कि मप्र सरकार सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। आज शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल सहित अन्य माध्यमों से प्रदेशवासियों को लाभान्वित करने का कार्य कर रही है। स्कूटी से हमारे बच्चे आगे बढ़ेंगे और उनकी शिक्षा अच्छी से हो सकेगी। महापौर प्रतिनिधि लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा लगातार लभान्वित करने का कार्य आगे बढ़ाया जा रहा है। प्रांरभ में प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन स्वागत भाषण देते हुए प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने बताया कि सागर जिले में 139 हायर सेकंडरी विद्यालय हैं। जिनमें से 256 विद्यार्थियों का चयन किया गया है। उन्होंने कहा कि आज 133 बालक एवं 123 बालिकाओं का चयन कर स्कूटी प्रदान की जा रही है। इस स्कूटी वितरण कार्यक्रम में 132 पेट्रोल की स्कूटी एवं 124 इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी प्रदान की जा रही है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अरविंद जैन एवं रचना तिवारी ने किया। आभार राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा मिशन के अतिरिक्त संचालक अवध श्रीवास्तव ने माना।

## कलेक्टर ने चंद्रयान 3 के सफल लैंडिंग पर दी बधाई



**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर दीपक आर्य ने चंद्रयान 3 के सफल लैंडिंग पर बधाई, शुभकामनाएं दी। कलेक्टर ने नगर निगम कमिश्नर चंद्रशेखर शुक्ला के साथ चंद्रयान 3 की लैंडिंग स्मार्ट सिटी कार्यालय में बैठकर पूरी टकटकी की लगाकर देखी। कलेक्टर दीपक आर्य चूंकी भौतिक शास्त्र विषय के विद्यार्थी रहे हैं इसलिए उनको यह चंद्रयान-3 की लैंडिंग बहुत महत्वपूर्ण थी। उन्होंने आज सभी शासकीय प्रशासनिक कार्यों को 10 मिनट का विराम देते हुए पूरी तनमयता के साथ टीवी पर यह लैंडिंग देखी और सफल लैंडिंग होने पर उन्होंने जिले एवं इसरो के वैज्ञानिकों सहित संपूर्ण भारतवासियों को बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की। नगर निगम कमिश्नर चंद्रशेखर शुक्ला ने कहा कि आज भारत के लिए महत्वपूर्ण दिन है। इसके साथ-साथ आज पूरे विश्व में अपना नाम रोशन किया है आज भारत का नाम पूरे विश्व में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा गया।

## सार-समाचार

### मतदाता जागरूकता पर भी दी गई जानकारी



**सागर, देशबन्धु।** केसली विकासखंड के 30 से अधिक ग्रामों की महिलाओं के समूहों का उच्च स्तरीय परिषद क्लस्टर लेवल फेडरेशन जिसका नाम वैष्णवी है। जिसका कल आमसभा का संपादन हुआ। इस सभा में आमदनी और खर्च का विवरण प्रस्तुत किया गया। महिलाओं ने अपने समूहों को और मजबूत करने के लिए अधिक से अधिक परिवारों को आमदनी से जोड़े जाने के लिए महिला सदस्यों को लखपति क्लब में शामिल किए जाने के लिए अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किया। इसके अलावा महिलाओं से अपील की गई कि वह रासायनिक खेती को छोड़कर कम लागत कृषि तकनीकी जैविक खेती के तरीकों को अपनाकर पौधारोपण करें। गर्भवती माता और बच्चों को टीकाकरण कारण पशुओं का टीकाकरण हो पात्रता के आधार पर महिलाओं को शासकीय योजनाओं का लाभ मिले। इसके लिए महिला अधिकार केंद्र में आकर हुए। सभा में अभिषेक रूसिया ने महिलाओं को मतदाता जागरूकता के संदर्भ में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में सभी वयस्क सदस्य अपने मत अधिकार का प्रयोग करें।

### भाई की हत्या कर फरार आरोपी गिरफ्तार सिर पर डंडा मार की थी हत्या



**सागर, देशबन्धु।** नरयावली थाना क्षेत्र के ग्राम सिलेरा में भाई की हत्या कर फरार आरोपी भाई को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी गांव के पास छिपा बैठा था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दबिश दी और आरोपी को धरदबोचा। पुलिस के अनुसार 21 अगस्त को ग्राम सिलेरा में आरोपी अरविंद पुत्र नाथूराम लाडिया का अपने ही सगे भाई हल्लेभाई लड़िया से विवाद हो गया था। विवाद इतना बढ़ा कि आरोपी अरविंद ने हल्लेभाई के सिर पर डंडा मार दिया। मारपीट में सिर पर डंडा लगने से हल्लेभाई की मौत हो गई। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घटनाक्रम की सूचना मिलते ही नरयावली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा बनाया। फरियादी नंदराम पुत्र भगोली अहिरवार निवासी ग्राम सिलेरा की शिकायत पर आरोपी अरविंद के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज किया। फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर लगाई गई। पुलिस टीमों ने कार्रवाई करते हुए आरोपी अरविंद लड़िया को ग्राम सिलेरा से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को थाने लाए। नरयावली थाना प्रभारी कपिल लाक्षाकार ने बताया कि हत्या के आरोपी अरविंद को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से आरोपी को जेल भेज दिया है। आरोपी ने पारिवारिक विवाद में सिर पर डंडा मारकर अपने ही भाई हल्लेभाई की हत्या की थी।

## विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली



**सागर, देशबन्धु।** पं. दीनदयाल उपाध्याय शास. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में विधानसभा निर्वाचन 2023 मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप संबंधी गतिविधियों के अंतर्गत विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में महाविद्यालय से बैंक कॉलोनी तक स्लोगन व नारे लगाते हुये वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है, घर-घर साक्षरता लायेंगे मतदाता जागरूक बनायेंगे, छोडकर आपने सारे काम सबसे पहले करो मतदान, वोट हमारा है अनमोल कभी न लेंगे इसका मोल, नहीं करेंगे यदि मतदान होगा बहुत बडा नुकसान, लोकतंत्र का भाग्य विधाता है हमारा जागरूक मतदाता जनजन को मतदान के लिए प्रोत्सहित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजीव दुबे, स्वीप प्रभारी. डॉ. अमर कुमार जैन, कार्यक्रम प्रभारी डॉ. सरोज गुप्ता, संयोजक डॉ. दीपक जॉनसन, डॉ. दीपक जैन, कीर्ति रैकवार, प्रवीण पाण्डेय सहित महाविद्यालय का स्टाफ एवं संभी संकायों के बडी संख्या में विद्यार्थी रैली में उपस्थित रहे।

## शासकीय जमीन से अतिक्रमण हटाने को लेकर दिया आवेदन, शीध्र कार्यवाही की मांग



**देवरीकलां, देशबन्धु।** देवरी मुख्यालय से लगी ग्राम पंचायत कांसखेड़ा के ग्राम घुघरी के पटवारी हल्का नंबर 31 में ग्राम के ही कई व्यक्तियों ने सरकारी जगह पर अतिक्रमण कर रखा है जिससे आम जनों को मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है आम रास्तों में अतिक्रमणकारियों के द्वारा तार फेंसिंग कर ली गई है जिससे रास्ते बंद हैं पटवारी हल्का नंबर 31 मैं पटवारी द्वारा 5 दिसंबर 2022 को अतिक्रमण के संबंध में प्रतिवेदन दिया गया था जिसमें पटवारी द्वारा राजनैतिक तथा अधिकारियो के दबाव में श्याम सुंदर कटारे के विरुद्ध झूठ प्रतिवेदन तैयार कराया गया और उनके विरुद्ध की जगह, उनकी पत्नी के खिलाफ गलत कार्रवाई की गई जो मामला जांच में लंबित है जनपद सदस्य सुप्रिया कटारे ने लिखित आवेदन तहसीलदार देवरी को दिया। जिसमें ग्राम के ही कृषको द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाए जाने की मांग की एवं अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई प्रतिवेदन सहित लिखित में सूचना देने की मांग की गई जिन ग्रामीणो ने सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर रखा है वह इस प्रकार हैं अनिल पिता शारदा बिल्थरे खसरा नंबर 113 खसरा नंबर 112 खसरा नंबर 143/1 पर 144 खसरा नंबर 50 पर 109 के माध्यम से करीब 0.20 हे. पर कब्जा किया गया है रामशरण पिता शारदा बिल्थरे खसरा 144/4 से खसरा 143 रास्ता बंद, गिरीश बिल्थरे 144/3 रास्ता बंद, प्रमोद बिल्थरे, 144/4 से खसरा 143 सरकारी रास्ता पर बेजा कब्जा, विनोद पिता रामगोपाल खसरा 144/2 से खसरा 143 आम रास्ता दीना पिता बलराम शुक्ला खसरा 98 के माध्यम से खसरा 92 सार्वजनिक पानी की जगह परषोत्तम पिता करोड़ी चढ़ार खसरा 50 आम रास्ता राजेश पिता लीला खसरा 50 पर आम रास्ते पर मकान बनाकर कब्जा, अनुज पिता रघुनंदन दुबे, भगवान दास कमोदी, मकुंदी आशाराम, घासीराम बलदेव, कडोरी सुकई, अरविंद रामजी, गिरजा नर्मदा प्रसाद, रघुनंदन माधव, प्रेमनारायण छोटेलाल, रामस्वरूप रामचरण, सुनील दीनानाथ, द्वारका पोटेराम, मनोज अरविंद, मनीष अरविंद, पुन्नी मनमोद, सीताराम धर्मदास इन सभी ग्रामीणों ने सरकारी जमीन जिन पर आम रास्ते हैं उन पर कब्जा कर रखा है जनपद सदस्य सुप्रिया कटारे ने मांग की है कि मेरे ससुर श्याम सुंदर कटारे पर पटवारी राजनैतिक दबाव, झूठी कार्यवाही की गई है खसरा 106 के अंदर आबादी की जगह घोषित है जिसमें ग्रामीणों द्वारा मकान बनाकर अतिक्रमण किया गया है पटवारी के द्वारा खसरा 194, 195, 196 का गलत प्रतिवेदन दिया गया है जिसकी वर्तमान पटवारी द्वारा जांच करवाकर पंचनामा फील्डबुक सहित लिया जाये एवं अतिक्रमण कारियों से सरकारी जगह को मुक्त कराया जाये जिससे सरकारी जगह का उपयोग सार्वजनिक हित मे हो सके।

## सैनिकों के बकाया भुगतान हेतु महार रेजिमेंट सेंटर द्वारा विशेष अभियान का आयोजन



**सागर, देशबन्धु।** 17 से 20 अगस्त तक महार रेजिमेंट इको एंड स्मार्ट सेन्टर में एक संयुक्त आउटरीच कार्यक्रम और एक विशेष अभियान का आयोजन डॉ. बीके सिंह, आईडीएएस, संयुक्त सीजीडीए और सीजीडीए की एक टीम की अगुवाई में आयोजित किया गया। इस विशेष अभियान में सेवारत सैनिकों एवं भूतपूर्व सैनिकों के वेतन और भत्ते से संबंधित सभी मुद्दों को हल करने के लिए सीजीडीए की टीम ने वेतन एवं लेखा कार्यालय ओआर महार रेजिमेंट सेंटर सागर का दौरा किया। ब्रिगेडियर आई एस भल्ला, वीएस, एम, कमांडेंट, महार रेजिमेंट केंद्र के नेतृत्व में सिविल और सैन्य प्रशासन ने संयुक्त रूप से समन्वय किया और जेसीओ/आरओ एवं पूर्व सैनिकों के लंबे समय से लंबित मामलों को हल किया। संयुक्त सिविल आर्मी टीम द्वारा किए गए गतिशील प्रयासों और इस आउटरीच कार्यक्रम के दौरान डॉ. बी के सिंह, आईडीएएस के द्वारा दिए गए निर्देशों के परिणाम स्वरूप 25 करोड़ रुपये के बकाया का निपटारा हुआ, जिससे महार रेजिमेंट केंद्र के लगभग 5000 सैनिकों और पूर्व सैनिकों को लाभ हुआ जो कि एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। हमारे सैनिकों के वेतन और भत्तों से सम्बंधित मामलों को निपटाने के लिए आयोजित इस आउटरीच कार्यक्रम की सिविल एवं आर्मी के बीच सौहार्द और भविष्य में सहयोग का एक प्रमुख उदहारण है, जिसकी कई सेवारत सैनिकों और पूर्व सैनिकों द्वारा सराहना की जा रही है।

### मिशन इंद्रधनुष अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों का टीकाकरण के निर्देश

**सागर, देशबन्धु।** भारत सरकार के निर्देश अनुसार सघन मिशन इन्द्रधनुष अभियान 5.0 प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के तहत टीकाकरण से वंचित एवं छूटे हुए 0 से 5 वर्ष तक के बच्चे एवं गर्भवती महिलाओं का हैड काउंट सर्वे करवाकर उन्हें टीकाकृत किया जाएगा। सभी लक्षित बच्चों का शत प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर दीपक आर्य ने विगत दिनों सभी संबंधितों को आवश्याक कार्यवाही के निर्देश दिए। सघन मिशन इन्द्रधनुष अभियान 5.0 को सफल बनाने के लिए समन्वित रूप से कार्य करें। उन्होंने कहा कि अभियान का पोस्टर बैनर, दीवार लेखन तथा इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के माध्यम से प्रभावी रूप से प्रचार प्रसार किया जाए। साथ ही गावों में मुनादी भी कराई जाए।

## बीएमसी में विधायक ने मेधावी विद्यार्थियों को प्रदान किए लैपटॉप



**सागर, देशबन्धु।** बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में मप्र सरकार की मेधावी विद्यार्थी योजना के तहत लैपटॉप वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक शैलेंद्र जैन, अध्यक्षता डॉ. आरएस वर्मा ने की, एससी एसटी छात्र-छात्राओं को लैपटॉप वितरण किए गए। विधायक शैलेंद्र जैन ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि एससी एसटी छात्र छात्राओं को लैपटॉप वितरण नहीं बल्कि लैपटॉप वितरण उन बच्चो को किया जा रहे हैं जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं लैपटॉप के माध्यम से वह अपनी पढ़ाई सुव्यवस्थित तरीके से कर सकेंगे और छात्र अपनी महत्वाकांक्षी योजनाएं पर खरे उतर सकेंगे क्योंकि आज के तकनीकी युग में बिना तकनीक के कोई भी कार्य किया नहीं जा सकता। आने वाले समय में आने वाले समय में हम 100 नहीं 250 स्टूडेंट को एडमिशन देंगे उसकी व्यवस्था पर हम कार्य कर रहे हैं और जल्दी ही बीएमसी प्रदेश का सर्व सुविधा युक्त मेडिकल कॉलेज होगा। डॉ. आरएस वर्मा ने कहा कि मेडिकल कॉलेज के बारे में विधायक हर तरह से हमारी सहायता करते हैं और जब भी हमें किसी भी प्रकार की मदद की आवश्यकता होती है तो विधायक पूर्ण विश्वास के साथ हमारे लिए वह मेडिकल कॉलेज को दिन प्रतिदिन नए-नए आयाम तक पहुंचा रहे हैं इसके लिए मैं उनका बहुत आभारी हूं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. रमेश पांडे, डॉ. उमेश पटेल, डॉ. रविकांत अरजरिया, डॉ. प्रियांशु जैन, ऋषभ जैन सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

## हेल्प डेस्क और प्रवेश काउंसिलिंग केंद्रों का कुलपति ने किया अवलोकन



**सागर, देशबन्धु।** डॉ. हरीसिंह विवि में शैक्षणिक सत्र 2023-24 में प्रवेश हेतु 24 अगस्त तक काउंसलिंग जारी है। जिसमें पूरे देश के विभिन्न हिस्सों से विद्यार्थियों ने आकर शिरकत की। विवि में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों ने विवि के अलग-अलग स्थानों पर प्रतिदिन हेल्पडेस्क लगाकर पूरी निष्ठा, तत्परता और उत्साह के साथ इन आगंतुक विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को लगातार हर संभव तरीके से सहायता प्रदान कर रहे है। इस पहल के तारतम्य में एनएसएस स्वयंसेवकों ने विवि के प्रवेश संबंधी नियमों, विभिन्न विभागों की लोकेशन, विवि परिसर के समीप उपलब्ध आवासीय सुविधाओं आदि के बारे में फेस-टू-फेस बातचीत के साथ ही साथ वाट्सएप ग्रुप के जरिये ऑनलाइन माध्यम से इन नूतन विद्यार्थियों को अपेक्षित जानकारी उपलब्ध कराई गई। कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने हेल्पडेस्क का अवलोकन कर स्वयंसेवकों से उनके द्वारा किए गए कार्य और हेल्पडेस्क से संबंधित जानकारी ली। वाणिज्य विभाग में दौरा कर वहां संचालित हो रही प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में बच्चों एवं अभिभावकों से बात की।

### भू.संपदा विनियामक प्राधिकरण अधिकारियों ने जिले में स्वीयकृत परियोजनाओं की समीक्षा की

**सागर, देशबन्धु।** मप्र भू.संपदा विनियामक प्राधिकरण रेरा अधिकारी नीरज दुबे सचिव, उमाकांत पाण्डे अपर सचिव और जिला शहरी विकास अभिकरण डूडा के संयुक्ति तत्वाधान से जागरूकता कार्यशाला का आयोजन आज कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में किया गया। भोपाल से आये अधिकारी का कलेक्टर दीपक आर्य द्वारा पुष्पगुछ भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यशाला में मप्र के सचिव भू.संपदा विनियामक प्राधिकरण द्वारा जिले की समस्त नगर पालिका परिषद, नगर परिषदों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों एवं उपयंत्री के साथ जिले के 45 कॉलोनाईजर्स भी उपस्थित थे। प्राधिकरण के सचिव द्वारा समस्ता प्रतिभागियों को रेरा से संबंधित आवश्यक जानकारियां दी। साथ ही अधिनियम से संबंधित आवश्ययक जानकारी भी उपलब्ध करायी गई। जिले में रेरा अन्तिर्गत 47 परियोजनायें संचालित है, जिनमें से प्राधिकरण के अधिकारियों द्वारा नगरीय निकायवार निकाय के अधिकारियों एवं संबंधित कॉलोनाईजर्स से चर्चा की और परियोजनाओं के बारे में आवश्यक जानकारी प्रदाय की गई। रेरा के अधिकारियों ने सागर में स्वीयकृत परियोजनाओं की विस्तातर से समीक्षा की एवं पूर्ण परियोजनाओं में तुरंत उपयोगिता प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश दिये।

## 900 करोड से बिजली विभाग करेंगा 6 जिलों का कायाकल्प

**सागर, देशबन्धु।** म.प्र.पू.क्षे.वि.कं.लि. सागर द्वारा आरडीएसएस योजना के अंतर्गत लो-वोल्टेज एवं विद्युत सप्लाई मे आने वाले व्यवधानों को दूर करने के लिए बिजली उपकरणों एवं लाईनों का आवश्यकता अनुसार नवीनीकरण किया जावेंगा ताकि बिना किसी व्यवधान के विद्युत सप्लाई सुचारू हो सकें और उपभोक्ताओं को गुणवत्ता पूर्ण बिजली प्रदाय की जा सकें। मुख्य अभियंता सागर क्षेत्र केएल वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि आरडीएसएस योजना के अनुसार सागर क्षेत्रान्तर्गत 23 नवीन विद्युत सब स्टेशनों का निर्माण होगा 145 सब स्टेशनों मे कैपेसिटर बैंक लगायें जावेगें ताकि उपभोक्ताओं को गुणवत्ता पूर्ण बिजली सप्लाई प्राप्त हो। श्री वर्मा ने बताया कि 860 कि.मी. 33 के.व्ही. लाईनों एवं 5700 कि.मी. 11 के.व्ही. लाईनों का विस्तार किया जावेंगा साथ ही 2400 कि.मी. कंडक्टर की क्षमता वृद्धि की जावेंगी। 2200 कि.मी. एल.टी. लाईन की नई केबिल लगाई जावेंगी, साथ ही 1800 कि.मी. पुरानी केविल बदलकर नई केविल डाली जावेंगी इसके अतिरिक्त 550 कि.मी. अंडरग्राउड केविल डाली जाना प्रस्तावित है। मुख्य अभियंता श्री वर्मा ने समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दियें कि जो फेल ट्रांसफार्मर फील्ड में लगे है एवं ऑफिसो मे रखे है उन्हे तत्काल बदले तथा खराब ट्रांसफार्मरों का एलटीआरयू में सुधार करे। निर्देश दिये कि टूटी हुई लाईनों एवं खराब केबिलों को शीघ्र बदले तथा लंबित विद्युत कनेक्शनों को तत्काल जारी करें। श्री वर्मा ने गूगल मीट के माध्यम से बैठक लेते हुए समस्त अधिकारियों से कहा कि वो अपनी-अपनी विधानसभावार जनप्रतिनिधिओं के व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर जनप्रतिनिधिओं के सतत् संपर्क मे रहे एवं ग्रुप में प्राप्त समस्याओं का शीघ्र निराकरण करे। निर्देश दिये कि सीएम हेल्पलाईन एवं 1912 पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का समय-सीमा मे निराकरण किया जावें।

## लोक अधिकार केंद्र का शुभारंभ: महिलाएं अब अपने अधिकारों को लेकर और सशक्त होंगी: सविता सिंह राजपूत



**सागर, देशबन्धु।** सुरखी विधानसभा के जैसीनगर की महिलाएं अपने अधिकारों को लेकर सशक्त बनेंगी। विकास के नए आयामों को स्थापित करते हुए वे अपने सर्वांगीण विकास करने के लिए निर्णय ले सकेंगी। इसके साथ ही अपनी समस्याओं के समाधान करने में भी स्वंय समक्ष होंगी। यह लोक अधिकार केंद्र उन महिलाओं के लिए वरदान साबित होगा, जो ग्रामीण क्षेत्रों में रहकर स्वावलंबन की ओर कदम बढ़ाना चाह रही हैं। ऐसी महिलाओं को और सशक्त करने में यह केंद्र उनका पूरा सहयोग करेगा। यह विचार पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सविता सिंह राजपूत ने जैसीनगर में लोक अधिकार केंद्र का शुभारंभ करते हुए व्यक्त किए। इस अवसर पर उन्होंने लोक अधिकार केंद्र के बारे में बताया कि केंद्र ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के हक और अधिकार में आने वाली बाधाओं को दूर करने में सहयोग करेगा। यहां महिलाएं एकत्रित होकर अपनी बात को मजबूती से रख सकेंगी। महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव को दूर करने में यह केंद्र सहयोग करेगा। ताकि महिलाएं भी समाज में समानता के साथ कार्य कर सकें। लोक अधिकार केंद्र तक बात आने से पहले उस समस्या को समूह स्तर, ग्राम स्तर पर सुलझाने का प्रयास किया जाएगा। जिसके बाद विकास खंड स्तर पर आते ही संबंधित विभाग से समन्वय कर समस्या का निराकरण किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान स्व.सहायता समूह की पदाधिकारी समेत क्षेत्र की बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली***
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन-** MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।